हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026

सुमीत बाजार™

STYLE KA

MEN'S BAZAAR

हर MOOD • हर OCCASION • हर LOOK



FASHION FOR EVERY SIDE OF YOU

CASUAL
FORMAL
FESTIVE
LOUNGE
WEDDING

All in one place

T-SHIRTS
PLAIN & PRINTED
10+ COLORS
₹299 ONWARDS

SHIRTS
PLAIN SHIRTS
20+ COLORS
₹599 ONLY

JEANS
BAGGY FIT
TRENDY LOOK
₹499 ONLY

FORMAL TROUSER
SMART FIT
EVERYDAY WEAR
₹499 ONLY

FORMAL BLAZER
BLACK & BLUE
SIZES 34-44
₹1999 ONLY

5 PC COAT SUIT
COMPLETE
ROYAL LOOK
COAT
PANT
SHIRT
TIE
WAIST COAT
₹2599 ONLY

KURTA-PAIJAMA
TRADITIONAL
WITH STYLE
₹799 ONLY

SHORTS & BERMUDA
COMFORT FOR
EVERDAY
₹299 ONLY

NIGHT & LOUNGE WEAR
₹399 ONWARDS

POLO COLLAR T-SHIRTS
10+ COLORS
₹499 ONLY

MENS WEDDING & FESTIVE COLLECTION
KURTA SET | JACKET
BUNDI | COAT SUIT
& MORE
₹1499 ONWARDS

*condition apply

Raymond DIGJAM Siyaram's

एवं अन्य सुप्रसिद्ध भारतीय एवं इंम्पोर्टेड मिल के सूटिंग शर्टिंग, कोम्बो एवं गिफ्ट पैक उपलब्ध

त्यौहार एवं कार्पोरेट बल्क गिफ्ट्स की खरीदी हेतु ब्रांच मैनेजर से संपर्क करें

छत्तीसगढ़ – रायपुर • बिलासपुर • भिलाई • दुर्ग • राजनांदगांव • डोंगरगढ़ • भाटापारा • सिमगा • बेमेतरा • कवर्धा • आरंग • महासमुंद • सराईपाली
नयापारा राजिम • कांकेर • कोंडागांव • खरोरा • बालोद • धमतरी • बागबाहरा • मध्यप्रदेश – बालाघाट • धामनोद • उड़ीसा – खरियार रोड • नुआपाड़ा

CUSTOMER CARE - 89820 44000
info@sumeetbazaar.com
WWW.SUMEETBAZAAR.COM

FOLLOW US

सेना के वीर जवानों को फ्री ट्रेन सफर के लिए 1 नवंबर से मिलेगी ई-पास सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की रक्षा में असाधारण साहस और वीरता दिखाने वाले सैन्यकर्मियों के लिए मिलने वाली खास सुविधाओं में अब एक अहम अपडेट सामने आया है। सेना मेडल (वीरता), नौ सेना मेडल (वीरता) और वायु सेना मेडल (वीरता) से सम्मानित पात्र सैन्यकर्मियों और तय शर्तों के तहत उनके परिवार के सदस्यों को भारतीय रेलवे में जीवनभर मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलती है। अब इस सुविधा का लाभ लेने की प्रक्रिया को और आसान बनाया जा रहा है। आपको बता दें कि पात्र लाभार्थियों के लिए कागजी प्रक्रिया को खत्म कर ऑनलाइन व्यवस्था शुरू की जा रही है।

एक नवंबर से आईआरसीटीसी पर टिकट बुकिंग

पात्र लाभार्थी भारतीय रेलवे छूट कार्ड पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट **irccp.indianrail.gov.in/IRCCP** पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद प्रमाणीकरण के जरिए लाभार्थियों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद पात्र लोगों के लिए ऑनलाइन ई-पास जारी किए जाएंगे। इन ई-पास के आधार पर आईआरसीटीसी वेब पोर्टल के माध्यम से टिकट बुकिंग की जा सकेगी, जिसकी शुरुआत 1 नवंबर 2026 से होगी।



अविवाहित मरणोपरांत पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता भी पात्र : इस फैसले का एक महत्वपूर्ण पहलू मरणोपरांत पुरस्कार पाने वाले अविवाहित सैन्यकर्मियों के माता-पिता से जुड़ा है। यदि किसी सैन्यकर्मी को अविवाहित रहते हुए मरणोपरांत वीरता पुरस्कार दिया गया है, तो तय नियमों के तहत उसके माता-पिता भी जीवनभर मुफ्त रेल यात्रा की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

16 मार्च 2026 को जारी हुआ था आदेश

गौरतलब है कि यह सितंबर 2026 में हुआ कोई नया फैसला नहीं है। इस सुविधा से जुड़ा महत्वपूर्ण आदेश 16 मार्च 2026 को जारी किया गया था। सेना मुख्यालय की ओर से जारी पत्र में वीरता पुरस्कार पाने वालों के लिए रेल यात्रा की सुविधा का उल्लेख किया गया था।

जीवनसाथी को भी मिलेगा सशर्त सुविधा का लाभ

इस सुविधा में पुरस्कार विजेता के जीवनसाथी को भी शामिल किया गया है। हालांकि, यदि पुरस्कार विजेता की मृत्यु हो चुकी है, तो उनकी विधवा या विधुर को यह सुविधा पुनर्विवाह नहीं करने तक मिलती रहेगी। यानी जीवनसाथी के लिए सुविधा जारी रहने को लेकर एक स्पष्ट शर्त रखी गई है।

इन पुरस्कार विजेताओं को मिलेगा लाभ

- सेना मेडल (वीरता)
- नौ सेना मेडल (वीरता)
- वायु सेना मेडल (वीरता)

इन श्रेणियों में कर सकेंगे मुफ्त यात्रा

पात्र पुरस्कार विजेताओं को भारतीय रेलवे में प्रथम श्रेणी, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी और वातानुकूलित चेयर कार में जीवनभर मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसका मतलब है कि पात्र सैन्यकर्मी इन श्रेणियों में रेल यात्रा करते समय इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यात्रा संबंधित रेलवे नियमों और निर्धारित पात्रता के अनुसार होगी।

ममता का सिंबल फुटबॉल प्लेयर, ऋतब्रत को मिला लिफाफा चिन्ह

एक पार्टी का नाम ममता टीएमसी, बागी गुट कहलाएगा डेमोक्रेटिक टीएमसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस के भीतर मची घमासान ने अब एक नया और बड़ा मोड़ ले लिया है। आगामी विधानसभा उपचुनाव से ठीक 18 दिन पहले, भारत निर्वाचन आयोग ने टीएमसी के दोनों बागी और मुख्य गुटों को अलग-अलग नाम और नए चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए हैं। अब दोनों गुट नए नाम व सिंबल के साथ चुनावी मैदान में आमने-सामने होंगे। वहीं दूसरी ओर नंदीग्राम से टीएमसी उम्मीदवार संचिता डे ने नाम वापस ले लिया। ममता गुट ने कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान को समर्थन देने की घोषणा की मगर कुछ देर बार ही प्रधान को पुराने मामले में अरेस्ट कर लिया गया। नंदीग्राम और रेजीनगर पर 6 अक्टूबर को वोटिंग हैं और रिजल्ट 9 अक्टूबर को आएगा।



दोनों गुट को मिले अलग नाम-अलग चिन्ह

ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और 'फुटबॉल खिलाड़ी' का चिह्न मिला है, जबकि दूसरे गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' और 'लिफाफा' दिया गया है। इससे एक दिन पहले आयोग ने दोनों गुटों को 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फूल-घास' वाला मूल चुनाव चिह्न इस्तेमाल करने से रोक दिया था। यह अंतरिम व्यवस्था है। मूल नाम और चिह्न पर अंतिम फैसला अभी आना बाकी है।

ममता ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग द्वारा टीएमसी के नाम और चुनाव चिह्न को फ्रीज करने तथा पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा 10 बागी विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में की जा रही देरी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ममता गुट ने चीफ जस्टिस की पीठ के समक्ष दो अलग-अलग याचिकाएं दायर कर इनमें तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है। पहली याचिका में चुनाव आयोग के अंतरिम आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें पार्टी को लेकर आदेश दिया गया है।

'वोट चोरी, सरकार चोरी, अब पार्टी चोरी'



राहुल गांधी ने टीएमसी के सिंबल फ्रीज रखने के चुनाव आयोग के फैसले पर कहा कि पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस, बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर पार्टी तोड़ते हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि 'वोट चोरी। सरकार चोरी।

कांग्रेस से टूटकर ही बनीं हैं पार्टियां : भाजपा



भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी भाजपा पर आरोप लगाते समय यह भी नहीं देखते कि जिन पार्टियों का वह नाम ले रहे हैं, वे कौन हैं। उन्होंने कहा कि राहुल जिन पार्टियों को तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं वे पार्टियां कांग्रेस से ही टूटकर बनी हैं।

देश में लोकतंत्र खतरे में है : संजय राउत



शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने आरोप लगाया कि यदि आयोग दबाव में फैसले ले रहा है तो लोकतंत्र खतरे में है। राउत ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री ममता की पार्टी है। भाजपा पर तृणमूल कांग्रेस को विभाजित करने का आरोप लगाया।

मोदी को ईसी ने दिया जन्मदिन का तोहफा



चुनाव आयोग के टीएमसी पर दिए गए फैसले पर आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तंज कसते हुए इसे पीएम मोदी का जन्मदिन तोहफा बताया और एक्स पर लिखा क्या वे इस तरह चुनाव जीतेंगे?

जनमत का चीरहरण



तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- 'संविधान, लोकलाज और लोकतांत्रिक मूल्यों को तार-तार करते हुए बीजेपी ने जनमत का चीरहरण करते हुए विपक्षी दलों के विधायक-सांसद तोड़े, फिर मुख्यमंत्री सहित सरकारें भी चुराईं।'



अब चेन्नई चिड़ियाघर में कटेगी खूनी बाघ की पूरी जिंदगी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

लगभग एक महीने से चल रही खोजबीन के बाद वन विभाग की टीमों ने गुडलुर के पास 2 लोगों की जान लेने वाले नर बाघ को सुरक्षित पकड़ लिया है। इस अभियान में सिल्वर क्लाउड एस्टेट में कुम्की हाथियों और ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल किया गया। उसे सिल्वर क्लाउड एस्टेट में एक पिंजरे में पकड़ा गया, जबकि गुडलुर के आसपास 14 और पिंजरे रणनीतिक रूप से लगाए गए थे ताकि उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। अब यह बाघ चेन्नई के अरिग्नार अन्ना जूओलॉजिकल पार्क में अपनी शेष जिंदगी बिताएगा।

वन अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने के लिए बालों के नमूनों और कैमरा ट्रैप से मिली तस्वीरों का मिलान किया कि उन्होंने सही बाघ को ही पकड़ा है। हमले वाली जगह से मिले बालों के नमूनों और कैमरा ट्रैप में कैद हुई बाघ की तस्वीरों को पकड़े गए बाघ से मिलाकर देखा गया।

नमाज के समय मस्जिद में धमाका, 21 की मौत 50 से ज्यादा घायल

पाकिस्तान के कोहाट में हुई घटना, मृतकों में 5 पुलिसकर्मी भी



एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान में कोहाट की मस्जिद में आज शुक्रवार को धमाका हो गया है। ये धमाका, जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद में हुआ है। एक अधिकारी ने बताया कि इस बड़े बम विस्फोट में 21 लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए हैं। मरने वालों में 11 आम नागरिक और 5 पुलिसकर्मी हैं। ये ब्लास्ट उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुआ है।

पुलिस के हवाले से कहा गया कि ब्लास्ट के बाद 50 से ज्यादा घायलों के साथ-साथ 15 शव भी हॉस्पिटल लाए गए हैं। पुलिस ने कहा कि घायलों में अधिकतर नमाज पढ़ने वाले लोग थे। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि धमाके के कारण मस्जिद के बाहर एक गड्ढा बन गया है।

घायल लोगों को मौके से किया गया रेस्क्यू : रेस्क्यू के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी के मुताबिक, खबर मिलने के कुछ ही देर बाद रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

ओल्ड पुलिस लाइन के पास हुआ ब्लास्ट

प्रोविंसियल पुलिस चीफ जुल्फिकार हमीद ने बताया कि फिदायीन हमला करके मस्जिद में धमाका किया गया है। यह घटना खाइबर पख्तूनख्वा में पेशावर से 60 किलोमीटर दूर कोहाट में ओल्ड पुलिस लाइन के पास मस्जिद में हुई है। हालांकि, अभी तक किसी भी आतंकी गुट ने इस ब्लास्ट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

कुछ लोगों को अहंकार कि सब उनके नियंत्रण में... तो यह 'गलतफहमी'

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने उज्जैन में राष्ट्रीय युवा धर्म संसद का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶|उज्जैन

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को उज्जैन में राष्ट्रीय 'युवा धर्म संसद' का विधिवत शुभारंभ किया। लगभग 1,700 जेन-जी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि उन्हें युवाओं को धर्म पर चर्चा करते हुए देखकर खुशी हुई, जबकि कुछ लोग इसे बुजुर्गों का मामला मानते हैं। डॉ. भागवत ने युवाओं से अपील की कि वे धर्म को केवल पूजा-पद्धति तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन और आचरण में उतारें। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं का जीवन ऐसा होना चाहिए, जिससे पूरा विश्व प्रेरणा ले। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अहंकार में आकर काम करता है और यह मानता है कि सब कुछ उसके नियंत्रण में। हर चीज उसकी इच्छा के अनुसार होनी चाहिए, तो उसे गलतफहमी हो जाती है।

भारत के डीएनए में धर्म

डॉ. भागवत ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि पश्चिम दिशा में एक पड़ोसी देश बिना कारण विवाद करता है और बार-बार तकलीफ देता है। उन्होंने कहा कि उसे कई बार सबक भी सिखाया गया, लेकिन भारत ने कभी यह नहीं कहा कि विवाद करने के कारण वह वापस आ जाए या उसके साथ कैसा व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग विचारधाराओं की सरकारें रही हैं, लेकिन दुनिया के संघर्षों में भारत ने अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप नहीं किया। जिन लोगों ने भारत को तकलीफ दी, जरूरत पड़ने पर भारत ने उनकी मदद भी की और यह नहीं देखा कि वहां किस विचारधारा के लोग सत्ता में हैं। भागवत ने कहा कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि भारत के डीएनए में धर्म है।

अकेले पड़े नोएल टाटा

शापूरजी पलोनजी ग्रुप ने कहा आईपीओ का फैसला सही



एजेंसी ▶▶| मुंबई

टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा टाटा संस के आईपीओ के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं। लेकिन टाटा संस के दूसरे बड़े शेयरधारक शापूरजी पलोनजी ग्रुप ने आईपीओ लाने के फैसले का स्वागत किया है। दरअसल, गुरुवार को टाटा संस के बोर्ड की बैठक में दो बड़े फैसले लिए गए। इसमें चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को अगले 5 साल के लिए फिर से कमान सौंपने का फैसला लिया गया है।

दूसरे सबसे बड़े शेयरधारक

टाटा संस के दूसरे सबसे बड़े शेयरधारक शापूरजी पलोनजी ग्रुप के प्रमुख शापूरजी पलोनजी मिस्त्री ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह इसका पूरे दिल से स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि आईपीओ लाने का फैसला किसी एक पक्ष की जीत या दूसरे की हार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह फैसला पारदर्शिता, जवाबदेही और जिम्मेदार संस्थागत निर्माण के सिद्धांतों को मजबूत करने वाला एक ऐतिहासिक पल है।



सुप्रीम कोर्ट ने कहा- केवल महिला होने के आधार पर नौकरी न देना नारीत्व का अपमान

महिला गैस सिलेंडर नहीं उठा सकती, नहीं दी नौकरी, अब आईओसी देगा 12 लाख का मुआवजा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को एक योग्य महिला उम्मीदवार सुमित्रा को 12 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। आईओसी ने उसे केवल महिला होने के कारण एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में रीफिलिंग हेल्पर की नौकरी देने से मना कर दिया गया था। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने यह कहकर नौकरी देने से इनकार किया था कि 'महिला सिलेंडर नहीं उठा पाएगी। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने कॉर्पोरेशन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि केवल महिला होने के आधार पर नौकरी न देना नारीत्व का अपमान है। नौकरी के बजाय मुआवजा दिए जाने के मुद्दे पर कहा गया कि याचिकाकर्ता महिला अब रिटायरमेंट की उम्र पार कर चुकी हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने उसे इस पड़ाव पर नौकरी देने के बजाय एकमुश्त 12 लाख रुपए का मुआवजा देना उचित समझा।

महिलाएं घर पर सिलेंडर उठाती और बदलती हैं : *इंडियन ऑयल के वकील ने दलील दी थी कि इस काम में भारी एलपीजी सिलेंडर उठाने पड़ते हैं और रात की शिफ्ट होती है, इसलिए शायद अधिकारियों ने महिला को उपयुक्त नहीं माना। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि महिलाएं दिन-रात अपने घरों में खुद गैस सिलेंडर उठाती और बदलती हैं।*

49 लोगों की सूची में नाम 43 को मिली नौकरी

मामला पंजाब के गुड़ा गांव की रहने वाली महिला से जुड़ा है। रोजगार के लिए डिप्टी कमिश्नर की अध्यक्षता वाली स्थानीय समिति ने 49 लोगों के नाम की सिफारिश की थी। महिला का नाम भी इस सूची में शामिल था। महिला ने इंडियन ऑयल के एलपीजी बॉटलिंग प्लांट में अस्थायी खलासी, चपरासी या रिफिलिंग हेल्पर के पद के लिए साक्षात्कार दिया था।



हाईकोर्ट ने नियुक्ति का आदेश पलटा था

इसके बाद मामला प्रथम अपीलीय अदालत पहुंचा। वहां ट्रायल कोर्ट का फैसला पलट दिया गया। अदालत ने कहा कि महिला का नाम केवल सिफारिश की सूची में था और उनका चयन नहीं हुआ था। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने भी 14 अक्टूबर 2025 को अदालत के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने अब महिला को 12 लाख रुपये का एकमुश्त मुआवजा देने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि महिला अब सेवानिवृत्ति की उम्र हासिल कर चुकी हैं। महिला के वकील ने मामले को मध्यस्थता के लिए भेजने का अनुरोध भी किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे स्वीकार नहीं किया।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

विकसित भारत के संकल्प में
सहभागी युवा शक्ति



सरकारी सेवाओं के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने की पहल

रोजगार मेला

देश भर के 45 स्थानों पर सरकारी नौकरियों हेतु
51,000+ चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से

शनिवार, 19 सितंबर, 2026 दोपहर 12:30 बजे

- भारत सरकार एवं सहयोगी राज्य सरकारों द्वारा मिशन मोड में लाखों पदों पर नियुक्तियाँ
- समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भर्ती परीक्षाओं की सुविधा
- पेपर लीक पर और अधिक कड़ा कानून — विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों की स्थापना, समयबद्ध जांच एवं सुनवाई
- यूपीएससी के 'प्रतिभा सेतु' पोर्टल से प्रतिभाशाली युवाओं को निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध
- यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड एवं आईबीपीएस जैसी प्रमुख भर्ती एजेंसियों द्वारा आयोजित परीक्षाएँ
- पारदर्शी, समयबद्ध एवं मेरिट आधारित भर्ती प्रक्रिया से युवाओं के सपनों को नई उड़ान
- परीक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन एवं आधार बेस्ड सत्यापन व्यवस्था लागू
- i-GOT कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर नव-नियुक्त कार्मिकों के लिए 'कर्मयोगी प्रारंभ' ऑनलाइन मॉड्यूल के साथ 6,700 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध

CBC 15401/13/0004/2627

DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें।

प्रशिक्षण संबंधी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी मॉड्यूल की वेबसाइट https://portal.igotkarmayogi.gov.in पर जाएँ अथवा क्यूआर कोड स्कैन करें।

चिंतन

एक हार में ही बिखर गई तृणमूल कांग्रेस

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस विधानसभा चुनाव में हुई एक ही हार में बिखर गई। इस समय पार्टी जिस तरह से अंदरूनी खींचतान, टूट और नेतृत्व के सवालों से जूझ रही है, उसने उसके संगठनात्मक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थिति की विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम को कभी ममता बनर्जी की राजनीतिक लड़ाई का प्रतीक माना जाता था, वहीं उपचुनाव में उनकी पार्टी का उम्मीदवार मैदान से हट गया। संचिता प्रधान डे ने नामांकन वापस ले लिया और इसके बाद ममता के गुट ने नंदीग्राम में कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की। इससे बड़ा राजनीतिक संकेत शायद ही कोई हो सकता है। एक समय नंदीग्राम की लड़ाई ने ममता की राजनीति को राष्ट्रीय सुर्खियों में ला दिया था। आज उसी सीट पर उनकी पार्टी अपने नाम से उम्मीदवार खड़ा करने की स्थिति में नहीं है। हालांकि उम्मीदवार के नामांकन वापस लेने के पीछे वास्तविक कारणों पर अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं और इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है, लेकिन घटनाक्रम ने तृणमूल के भीतर जारी अस्थिरता को जरूर उजागर कर दिया है। संकट की गंभीरता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि चुनाव आयोग को पार्टी के दोनों गुटों को अलग-अलग नाम और चुनाव चिह्न देने पड़े हैं। ममता बनर्जी के गुट को 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फुटबॉल खिलाड़ी' चिह्न मिला है, जबकि विरोधी गुट को 'डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'लिफाफा' चिह्न दिया गया है। दोनों गुटों को आगामी उपचुनाव में इन्हीं अस्थायी पहचान के साथ उतरना होगा। मूल 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' नाम और 'फूल-घास' चिह्न पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। पार्टी के संगठनात्मक संकट का दूसरा पहलू और भी महत्वपूर्ण है। 80 विधायकों वाली तृणमूल के विधायक दल में 58 विधायकों के अलग गुट के साथ खड़े होने का दावा सामने आया और ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद भी मिला। इसी तरह लोकसभा में तृणमूल के 28 सांसदों में से 20 के अलग रुख अपनाने की खबरें हैं। इसका अर्थ यह है कि संकट केवल स्थानीय संगठन या कुछ नेताओं की नाराजगी तक सीमित नहीं है, बल्कि विधायक दल और संसदीय दल तक फैल चुका है। यह घटनाक्रम भारतीय राजनीति के लिए भी एक बड़ा सबक है। किसी भी दल की पहचान केवल उसके शीर्ष नेता से नहीं बनती। संगठन, कार्यकर्ता, स्थानीय नेतृत्व और संस्थागत व्यवस्था पार्टी को स्थायित्व देते हैं। लंबे समय तक एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द केंद्रित राजनीति में नेतृत्व की लोकप्रियता संगठन की ताकत का विकल्प नहीं बन सकती। यह सवाल केवल तृणमूल के सामने नहीं, बल्कि हर उस दल के सामने है जो अपने संगठन और नेतृत्व के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती से गुजर रहा है। नंदीग्राम और रेजीनगर के उपचुनाव अब केवल दो सीटों की लड़ाई नहीं रह गए हैं। छह अक्टूबर को होने वाला मतदान तृणमूल के दोनों गुटों के लिए संगठनात्मक ताकत और राजनीतिक पहचान की परीक्षा होगा। असली परीक्षा यह होगी कि चुनावी हार के बाद पार्टी अपने बिखरे हुए संगठन को फिर से जोड़ पाती है या नहीं। लोकतंत्र में हार किसी भी दल के लिए अंत नहीं होती, लेकिन हार के बाद संगठन का बिखरना जरूर गंभीर चेतावनी होती है। तृणमूल के सामने फिलहाल यही सबसे बड़ी चुनौती है। अब देखना यह है कि ममता बनर्जी किस तरह से अपने राजनीतिक कुनबे को दोबारा खड़ा कर पाएगी और प्रदेश व राष्ट्रीय राजनीति में उसकी क्या स्थिति होगी।



विचार

शिवप्रकाश

बिंदु से विराट

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुजरात के मुख्यमंत्री से प्रारंभ कर, प्रधानमंत्री दायित्व के माध्यम से जन सेवा करते हुए 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। 7 अक्टूबर 2001 को उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। देश में अनेक नेताओं द्वारा लम्बे समय तक मुख्यमंत्री अथवा प्रधानमंत्री पद द्वारा सत्ता का संचालन किया गया है ।स्वतंत्रता के पश्चात नियुक्त प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरुजी 16वर्ष 286 दिन प्रधानमंत्री रहे तथा सिक्किम के मुख्यमंत्री के रूप में श्री पवन कुमार चामलिंग ने 24 वर्ष 165 दिन सिक्किम की सत्ता सम्हाली। 24 वर्ष 98 दिन श्री नवीन पटनायक ओड़िशा के मुख्यमंत्री रहे । इन सभी की तुलना में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री दोनों ही दायित्व पर देश की सेवा करते हुए 7 अक्टूबर को मोदी जी 25 वर्ष पूर्ण करने वाले देश के प्रथम नेता होंगे। वड़नगर (गुजरात) जैसे एक छोटे स्थान एवं ग़रीब परिवार से निकलकर देश एवं दुनिया की राजनीति को प्रभावित करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की यह यात्रा जनसहभागिता, सेवा संकल्पों, सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं उच्च प्रतिमानों से प्रेरित है । अपार जनसमर्थन के बावजूद भी सर्वाधिक विरोधों का सामना करने वाले वें एकमात्र नेता है। श्री नरेन्द्र मोदी की यह यात्रा समाज संगठन के लिए गृह त्याग,1974 गुजरात छात्र आंदोलन में सहभागिता एवं आपातकाल के विरोध में समाज जागरण के लिए भूमिगत आंदोलन से प्रारंभ हुई। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व ने प्रेरणादायी इस यात्रा को उनके जन्म दिवस 17 सितंबर से प्रारंभ कर 17 अक्टूबर तक "सेवा संकल्प अभियान" के माध्यम से समाज में सेवा का संकल्प जागृत करने हेतु आयोजित करने का निश्चय किया है। दुनिया के सभी विकसित देशों ने अपनी जनता के सम्मुख अपने देश को महान बनाने का लक्ष्य रखा है एवं उसकी प्राप्ति के लिए अपने देश की जनता से आह्वान भी किया। अमेरिका द्वारा Great Society (ग़रीबी उन्मूलन तथा नस्लीय समानता के प्रयास)एवं चीन द्वारा घोषित TWO Centenary Goals (द्विशाताब्दी लक्ष्य) सर्वविदित है। हमारे देश में हमारे पूर्व राजनीतिक नेतृत्व द्वारा जनता के सम्मुख कोई लक्ष्य घोषित न करने के कारण हम लक्ष्य विहीन व अनेक संकुचिताओ से युक्त जीवन व्यतीत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के सम्मुख एक महान लक्ष्य दिया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 100 वर्ष होने तक हम अपने देश को "विकसित भारत" बनाएंगे। ग़रीबी उन्मूलन से लेकर आत्मनिर्भरता सहित नौ आयामों पर टिका यह लक्ष्य अब 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य बन गया है।

आर्थिक साम्राज्यवादी शक्तियों के संघर्ष से आज सम्पूर्ण विश्व परिचित ही है। अनेक प्रकार के युद्धों को भी हम देख रहे हैं। जिसका परिणाम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी हो रहा है। इस संघर्ष के समय विकसित भारत केवल एक नारा न रह जाए इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए एक भविष्य दृष्टा के समान मोदीजी ने आत्म निर्भरता का मंत्र हम सभी भारतीय नागरिकों को दिया है। विकसित भारत की प्राप्ति के लिए अनेक में से कुछ योजनाएं उल्लेखनीय है जैसे स्टार्टअप का 2025-26 में एक नेटवर्क स्थापित हुआ है। वर्तमान में 14 हज़ार स्टार्टअप जिसमें 120 यूनिकॉर्न भी है एक विश्व रिकॉर्ड है। जो लगभग 27 लाख युवकों को रोज़गार भी प्रदान कर रहा है। आर्थिक लेन-देन के लिए भारत द्वारा स्थापित डिजिटल भुगतान प्रणाली "यूपीआई" का उपयोग अब दुनिया के 11 देशकर रहे हैं जिसके द्वारा 314 लाख करोड़ का कारोबार 2025-26 में हुआ है। रक्षा क्षेत्र द्वारा रक्षा उत्पाद निर्मिति में स्वदेशी तकनीक एवं आत्म निर्भरता का भी कीर्तिमान स्थापित किया है। हमने लगभग 100 देशों को 38,424 करोड़ का निर्यात किया है। अब हमरक्षा क्षेत्र में ख़रीदने वाले नहीं, बेचने वाले देश बन गये हैं। दुनिया के विकसित देशों के समान ही हमारा भी ढांचागत विकास हो, इस संकल्पना की पूर्ति की दिशा में हमने ऐतिहासिक एवं साहसिक प्रयास किये हैं। आज हमारे पास 5364 किलोमीटर हाई स्पीड कोरिडोर्स है। 99% रेलवे का विद्युतीकरण हुआ है। रैपिड, हाइड्रोजन ट्रेने एवं मेट्रो का व्यापक जाल आज भारत देख रहा है। शीघ्र ही बुलेट ट्रेन का स्वप्न साकार होते हुए भी हम देखेंगे। विश्व का सबसे बड़ा आर्क चिनाब रेल ब्रिज हमारे पास है। भारत के 7 समुद्री बंदरगाहो ने विश्व के 100 श्रेष्ठ समुद्री बंदरगाहों में स्थान बनाया है। आज हमारी ट्रेन, रेलवे स्टेशन, हवाई पत्तन, समुद्री बंदरगाह एवं हाईवे विश्व से प्रतिस्पर्धा करते दिख रहे हैं।

हमारी युवा पीढ़ी विकसित भारत के लिए विज्ञान एवं तकनीक का उपयोग करने वाली बने, इसका आह्वान वक्तृत्व एवं निर्णयों के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान द्वारा चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाले अब हम प्रथम देश बन गए है। सूर्य के अध्ययन के लिए स्वदेशी तकनीक से बना आदित्य L-1 मिशन हमने पूरा किया है। गगनयान के द्वारा मानव को अन्तरिक्ष में ले जाने के लिए स्वदेशी



उड़ान क्षमता का विकास इसरो की सराहनीय पहल है। "आकाश में आँख" के नाम से प्रसिद्ध GSLV- F17-EOS-05 सैटेलाइट द्वारा अब हम प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी, विकास एवं सुरक्षा करने में भी समर्थ हो रहे है। वर्तमान में हमारे देश में 440 अन्तरिक्ष स्टार्टअप भी कार्य कर रहे हैं। क्वांटम मिशन(Quantum Mission) के लिए 6003.65 करोड़ का बजट भी हमने निश्चित किया हैं। अब हम स्वदेशी सेमीकंडक्टर बना रहे हैं। जिसको प्रधानमंत्री जी ने कहा कि हम "चिप से शिप" तक भारत में बना रहे हैं। पूर्व में हम शोध न कर विश्व के ऊपर निर्भर थे आज हमारा शोध पर 244798 करोड़ का बजट है ।AI के व्यवस्थित उपयोग का हमारा संकल्प हैं।

हमने अपनी विदेश नीति के माध्यम से विश्व में भारतका गौरव बढ़ाया है। अब हमें दुनिया के सम्मानित देशों की श्रेणी में विश्व के लोग देखते हैं। भारतीयहित प्रथम के आधार पर अब हम अमेरिका एवं रूस दोनों से व्यापारिक वार्ता, जापान के साथ निर्माण, चीन के साथ प्रतिस्पर्धा एवं ग्लोबल साउथ की आवाज़ बनकर उनका नेतृत्व भी करते हैं। इसी का परिणाम है कि दुनिया के 36 देशों ने अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कारो से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीको सम्मानित किया है। G-20 के माध्यम से भारतीय गौरवको भी हमने दुनिया में स्थापित कियाहै।

कठोर एवं अचूक निर्णय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीकी कार्यशैली की विशेषता है। तीन तलाक़, नोटबंदी, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक, ऑपरेशनसिंदूर, भारतीय न्याय संहिता एवं नक्सलवाद से मुक्ति जैसे देशहित में किए गए सभी निर्णय उनके दृढ़ संकल्प का स्मरण कराते हैं। अर्थव्यवस्था में महिलाओं की सहभागिता तथा उनको प्रतिष्ठा प्रदान करना, विकलांगो को दिव्यंगता देना, किन्नरों (थर्ड जेंडर)की समाज में प्रतिष्ठा स्थापित करना, सिकल सैल एनीमिया से मुक्ति एवं TB मुक्त भारत का संकल्प उनकी संवेदनशीलता को दर्शाता है। अमेरिकी चिंतक जेम्स फ्री मैन क्लार्क ने कहा था कि - "A politician thinks of the next election; a statesman thinks of the next generation."(एक राजनीतिज्ञ आगामी चुनाव के बारे में सोचता है; जबकि एक राजनेता अगली पीढ़ी के बारे में सोचता है।) के सिद्धान्त के अनुसार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा समाज सक्रियता के लिए गए निर्णय एवं प्रेरणादायी व्यवहार भविष्य का भारत गढ़ने का कार्य करेंगे। स्वच्छता अभियान, परीक्षा पर चर्चा, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, Wedding Destination (विवाह संस्कार भारत में), खिलाड़ियों से संवाद जैसे सभी उपक्रम भावी पीढ़ी का स्वभाव बदलने में सहायक बनेंगे। युवकों को व्यसन मुक्त एवं स्वस्थ रखने के लिए "नशा मुक्ति अभियान" एवं "एक पेड़ माँ के नाम" का आह्वान पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहल है।

विदेशों से 656 भारतीय गौरव की प्रतीक कला कृति वापस लाना, बुद्ध सर्किट, श्रीराममंदिर निर्माण की बाधा दूर करना, सिख गुरुओं के प्रकटोत्सव पर गुरुद्वारों में उपस्थिति एवं लंगर (भोजन) वितरण करना, क्लासिक भाषाओं को मान्यता, ऐतिहासिक मंदिरों एवं धार्मिक परंपराओं में उपस्थिति उनके श्रद्धा भाव को प्रकट करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने श्रेष्ठसंवेदनशील व्यवहार, देशहित में कठोर निर्णय,विश्व में भारत का गौरव,जनसहभागिता के आधार पर विकास एवं भविष्य का भारत गढ़ने के उनके प्रयासों के कारण राष्ट्र के सभी नागरिक उनमें अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति देखते हैं। वह 140 करोड़ देशवासियों की आशा की किरण है। उनकी नर सेवा से नारायण सेवा तक की यह यात्रा "बिंदु से विराट" की यात्रा है। उनके दिए लक्ष्य-विकसित भारत की संकल्प पूर्ति में हमें भी इस यात्रा का सहभागी बनने का संकल्प लेना है।

(राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, भाजपा)

ऊर्जा

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में तेजी से बढ़ता भारत

नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में तेजी से बढ़ता भारत अब पेट्रोस्टेट के स्थान पर इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 13 जुलाई को पवन और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विद्युत उत्पादन का आंकड़ा 100 गीगावाट को पार कर गया। यह विद्युत उत्पादन में करीब 42 प्रतिशत भागीदारी हो जाती है। जल विद्युत और परमाणु विद्युत को भी जोड़ लिया जाए तो देश में कुल विद्युत उत्पादन में करीब 50 फीसदी भागीदारी नवीकरणीय ऊर्जा की हो जाती है। देश में जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होती जा रही है। जीवाश्म ईंधन के कारण जिस तरह से पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, उससे दुनिया के सभी देश चिंतित है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया जा रहा है। यही कारण है कि आज अमेरिका धरती के गर्भ में छिपे बेशकीमती खनिजों के लिए दुनिया के देशों पर नजर गड़ाये हुए हैं। चाहे यूक्रेन हो, कनाड़ा हो, आईलैण्ड या डेनमार्क या कोई भी वह देश जिसमें क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक खनिजों के भण्डार हैं, उन पर अमेरिका की नजर टिकी हुई है। दूसरी ओर अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण कच्चे तेल और एलपीजी का संकट दुनिया के देशों के सामने उभरा है, उससे दुनिया के देशों को पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट में शिफ्ट होने का देर-सबेर प्रयास करना ही होगा। आज चीन दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रोस्टेट है। चीन का वर्चस्व इसलिए भी हो गया है कि दुनिया के देशों में इलेक्ट्रोस्टेट यानी कि चीन उत्पादक और निर्यातक दोनों ही तरह से दुनिया में शीर्ष पर है। करीब 80 फीसदी भागीदारी अकेले चीन की होने से चीन की मोनोपोली होना स्वाभाविक है। दरअसल, ईंधन के लिए अब तक दुनिया के देश पारंपरिक रूप से तेल और गैस पर निर्भर रहे हैं। इस निर्भरता को पेट्रोस्टेट कहा जाता रहा है। पर्यावरणीय समस्या को देखते हुए दुनिया के देशों ने तेल और गैस यानी कि जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने पर जोर दिया जाता रहा है। दुनिया के देशों के सामने पेट्रोस्टेट से इलेक्ट्रोस्टेट की दिशा में आगे बढ़ने की चुनौती है। जिस तरह से पेट्रोस्टेट में एक उत्पादक देश अरब देश, रूस आदि कुओं से तेल निकालने वाले देश हैं और इनकी दादागिरी और समस्या को पिछले साढ़े चार माह से चल रहे अमेरिका-ईरान युद्ध से अच्छी तरह से समझा जा सकता है। आज हार्मुज के कारण कच्चे तेल और एलपीजी के जहाजों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। अब तो लाल सागर के रास्ते पर भी अवरोध वाले हालात बनते जा रहे हैं। इस तरह से दुनिया के दो देशों के अहम की लड़ाई में दुनिया के देशों के सामने गंभीर ईंधन संकट आ गया है। पेट्रोस्टेट में दूसरे उपभोक्ता देश आते हैं जो ईंधन के लिए पूरी तरह निर्भर हैं। अब समस्या उत्पादक और उपभोक्ता दोनों ही देशों के सामने हैं।

चीन के बाद भारत भी तेजी से इलेक्ट्रोस्टेट की ओर आगे बढ़ रहा है। हालांकि चुनौतियां अधिक है। चीन अकेला सौर ऊर्जा और बैटरी आदि में 80 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दौड़ में बहुत आगे हैं। चीन में सौर ऊर्जा को उत्पादन, पवन ऊर्जा का उत्पादन बढ़ रहा है। लिथियम, कोबाल्ट, निकल और आरईई खनिजों में भी चीन आगे है। यही कारण है कि चीन जीवाश्म ईंधन के स्थान पर इलेक्ट्रोस्टेट में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत में भी योजनाबद्ध तरीके से नवीकरणीय ऊर्जा की ओर कदम बढ़ाए गए हैं। पवन ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही देश में सौर ऊर्जा पर भी खास ध्यान दिया गया है। राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक आदि राज्यों में तेजी से काम हो रहा है। अब तो रुफटॉप के लिए अनुदान के साथ ही लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और इसके भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे हैं। खेती किसानी में कुसुम योजना के कम्पोनेन्ट के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। कर्नाटक, गुजरात के साथ ही राजस्थान में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। भारत में अब सोलर पैनल भी तैयार होने से चीन व अन्य देशों से निर्भरता कुछ हद तक कम हुई है। इसी तरह से देश में रुफटॉप को प्रोत्साहित करने का परिणाम यह है कि शहरों में घरों पर बहुतायत में सोलर प्लांट देखे जा सकते हैं। पिछले कुछ सालों से योजनाबद्ध तरीके से ईवी को बढ़ावा दिया जा रहा है और ई वाहन अब कोई अजूबा नहीं रहा है। सरकार को अभी इस दिशा में और अधिक ध्यान देना होगा। ईवी को लोगों के विश्वास पर खरा उतरना होगा। लंबी दूरी की यात्रा आसान हो सके, ऐसी तकनीक विकसित करनी होगी। वहीं लागत को भी कम करने के प्रयास करने होंगे। जीवाश्म ईंधन के पर्यावरणीय नकारात्मक प्रभाव और जीवाश्म ईंधन को लेकर वर्तमान हालात और उत्पादक देशों की दादागिरी को समाप्त करना एक बात है, पर दीर्घकालीन भविष्य भी इलेक्ट्रोस्टेट में ही साफ दिखाई देता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता है




संकलित

दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित

प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

अंतर्मन



आज की पाती

सुविधाएं गांवों तक पहुंचनी चाहिए

गांव में रहने वाले लोगों के लिए किसी चीज की कीमत केवल उसकी दुकान पर लिखी रकम से तय नहीं होती। कई बार उसे खरीदने के लिए घर से शहर तक जाने और आने का किराया, लगने वाला समय, काम से छूटा एक दिन और रास्ते में होने वाली दूसरी परेशानियां भी जुड़ जाती हैं। यही वह अदृश्य कीमत है, जिसे गांव के कठिन जीवन को समझते समय अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। शहर के इतने करीब होने के बावजूद गांव के भीतर की सड़कें टूटी-फूटी होती हैं और रोजमर्रा की कई जरूरतों के लिए लोगों को शहर का रुख करना पड़ता है। इस की छोटी दुकानों,में जरूरत का पूरा राशन नहीं मिलता है। इसलिए व्यवस्था यह होनी चाहिए कि हर सुविधा गांव में ही मिलने लगे। गांव के लोगों को शहर तक जाने की जरूरत न पड़े।

-पवन देवांगन, बसना

ट्रेंड

बीजेपी और चुनाव आयोग



पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही पैटर्न देखने को मिलता है-बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर किसी पार्टी को तोड़ देते हैं। फिर उसका चुनाव चिह्न छीन लिया जाता है। जब पूरी पार्टी ही हथियाई जा सकती है, तो भारतीयों के वोट भी चुराए जा सकते हैं।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

गौरवशाली इतिहास



आदिवासी नायकों राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि। उन्होंने सनातन संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। हम उनके गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। - डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

पूंजीवादी सोच



यूपीआई डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने के बाद, अब सरकार का इन ट्रांजेक्शन पर फीस लगाने का फैसला आम लोगों को पहली नज़र में मुनाफा कमाने वाली पूंजीवादी सोच जैसा लगता है, जिसमें लोगों से दोनों हाथों से टैक्स वसूला जा रहा है।

- मायावती, पूर्व सीएम, उत्तर प्रदेश

हमला निंदनीय



रायबरेली में पीडीए समुदाय पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। हम छात्र विंग के सदस्यों की तारीफ़ करते हैं कि बीजेपी सरकार की पुलिस के दमन के बावजूद उन्होंने छात्रों के बीच जागरूकता फैलाने में सफलता पाई।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

करंट अफेयर

बढ़ती असमानता दुनिया के लिए गंभीर खतरा : गुतारेस



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि दुनिया बेकाबू होती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), तेजी से बढ़ते जलवायु परिवर्तन और गहराती असमानता जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है तथा इनसे निपटने के लिए देशों को मिलकर काम करना होगा। लगभग एक दशक तक पद पर रहे गुतारेस इस साल के अंत में पद छोड़ेंगे। दुनिया की स्थिति को लेकर अक्सर निराशाजनक तस्वीर पेश करने वाले भाषणों के लिए जाने जाने वाले गुतारेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी वर्षों में उन्हें उम्मीद और संभावनाएं नजर आती हैं लेकिन ऐसा तभी संभव है जब दुनिया की सरकारें संघर्षों को कम करने, असमानता दूर करने और तेजी से उभर रही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करें। गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की वार्षिक बैठक के लिए विश्व नेताओं के जुटने से चार दिन पहले 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''मेरा मानना है कि दुनिया को बेहतर बनाने के लिए कई बुनियादी काम किए जाने की जरूरत है और मैं उन कार्यों को पूरा कराने के लिए संघर्ष करने को प्रतिबद्ध हूं।'' गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों के नेताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि उन्हें इस तथ्य का बेहद गंभीरता से आकलन करना होगा।

ऑफ बीट

कई ग्लुटेन मुक्त उत्पादों में कैलोरी-शर्करा अधिक



अमेरिकी उपभोक्ता अक्सर ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों के लिए अधिक भुगतान करते हैं, फिर भी ये उत्पाद आमतौर पर ग्लुटेन युक्त विकल्पों की तुलना में कम प्रोटीन और अधिक शर्करा एवं कैलोरी प्रदान करने वाले होते हैं। वर्तमान में कई ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में फाइबर, प्रोटीन और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है। इसके अलावा, ग्लुटेन-मुक्त उत्पादों में आमतौर पर ग्लुटेन युक्त अन्य उत्पादों की तुलना में अधिक शर्करा पाई जाती है। ग्लुटेन-मुक्त आहार के लंबे समय तक सेवन का संबंध 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) में वृद्धि और पोषण संबंधी कमियों से है। ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद को अमेरिका में ऐसे उत्पाद के रूप में परिभाषित किया जाता है जिनमें ग्लुटेन प्रति 10 लाख में 20 भाग से कम या उसके बराबर होता है। लेकिन ग्लुटेन-मुक्त उत्पाद में बड़े पैमाने पर गेहूं, राई, जौ और कभी-कभी जई की कमी होती है, जबकि ये सभी 'रबीनॉक्सिलन' के समृद्ध स्रोत हैं जो एक महत्वपूर्ण स्टार्च रहित पॉलीसेकेराइड है। अरबीनॉक्सिलन कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है, जिसमें लाभकारी आंत बैक्टीरिया को बढ़ावा देना, पाचन को बढ़ाना, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करना और संतुलित आंत माइक्रोबायोटा का समर्थन करना शामिल है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।



हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026

बिना अनुमति लाउडस्पीकर, डीजे बजाया तो एक लाख तक जुर्माना और एक साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब बड़े- बड़े लाउडस्पीकर, डीजे वगैरह बजाकर शोर शराबा करने वालों की खैर नहीं। दरअसल, राज्य सरकार ने इसके लिए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 2026 बनाया है। इसके तहत अब ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने से पहले जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस कमिश्नर या सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति बजाने पर कड़ा अर्थदंड लगेगा। एक साल की सजा और उपकरण जब्त कर नीलाम कर दिया जाएगा। गृह एवं पुलिस विभाग द्वारा इस विधेयक के प्रारूप पर आम जनता, विशेषज्ञों और संबंधित पक्षों से 5 अक्टूबर 2026 तक दावे और आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं।

खास खबर

कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 2026 का प्रारूप जारी

शांत क्षेत्र के 100 मीटर में नहीं बजा सकते

अधिनियम के प्रारूप में शांति क्षेत्र को परिभाषित करते हुए कहा गया है कि अस्पतालों, नर्सिंग होम, शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासों, न्यायालयों, केंद्र या राज्य सरकार तथा स्थानीय निकायों के कार्यालयों की 100 मीटर की परिधि को शांत क्षेत्र घोषित किया गया है। इसके अलावा जिला मजिस्ट्रेट या पुलिस आयुक्त लोक आदेश द्वारा अन्य क्षेत्रों को भी इस श्रेणी में अधिसूचित कर सकते हैं। विधेयक के अनुसार प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक का समय 'दिन का समय' तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6बजे तक का समय 'रात्रि का समय' माना गया है।



उल्लंघन पर कड़े दंड, जुर्माना और जब्ती के प्रावधान

पहली बार नियम तोड़ने पर पहली बार दोषी पाए जाने पर कारावास (जो कुछ महीनों तक हो सकती है) या कम से कम 50 हजार रुपये का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। यदि यह अपराध किसी शांत क्षेत्र में किया जाता है, तो सजा 1 वर्ष तक और न्यूनतम जुर्माना 75हजार रुपये तक हो सकता है। दोबारा दोषी पाए जाने पर 3 माह से 1 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 1 लाख रुपये का जुर्माना होगा। शांत क्षेत्र में अपराध दोहराने पर सजा 6 माह से 2 वर्ष और न्यूनतम 1 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना तय किया गया है। इसके साथ ही, आपूर्तिकर्ता का पंजीयन स्थायी रूप से निरस्त कर दिया जाएगा।

लागू होगा ये कड़े नियम

किसी भी सार्वजनिक स्थान पर सक्षम प्राधिकारी (जिला मजिस्ट्रेट या पुलिस आयुक्त द्वारा प्राधिकृत अधिकारी) की अनुमति के बिना ध्वनि प्रवर्धन यंत्रों का उपयोग और कोलाहल उत्पन्न करना पूरी तरह प्रतिबंधित है। ध्वनि प्रवर्धन यंत्रों का विनिर्माण, विक्रय या आपूर्ति करने वाले प्रत्येक व्यक्ति या संस्था के लिए स्थानीय पुलिस सत्यापन के साथ विनिर्दिष्ट कार्यालय में पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। आपूर्तिकर्ता बिना वैध अनुमति प्राप्त कर्ता या बिना ध्वनि तीव्रता मापने वाले उपकरण (साउंड मीटर) के किसी को साउंड सिस्टम किराए पर नहीं दे सकेंगे।

रैली, कार्यक्रम उत्सव के लिए 6 घंटे की अनुमति

विशेष रैलियों, कार्यक्रमों या उत्सवों के लिए सक्षम प्राधिकारी दिन के समय अधिकतम 6 घंटे के लिए ध्वनि यंत्रों के उपयोग की अनुमति दे सकते हैं। कैलेण्डर वर्ष में कुल 15 दिन से अनधिक अवधि के लिए रात्रि में मध्यरात्रि तक रियायत दी जा सकती है, लेकिन शांत क्षेत्रों में ध्वनि प्रवर्धन यंत्रों के उपयोग की कोई अनुमति नहीं दी जाएगी।

झीरम के 27 फरार गुनहगारों में मुख्यधारा में लौट चुके 14, मुठभेड़ में 9 मारे जा चुके, 4 की तलाश

एनआईए की विशेष कोर्ट ने झीरमकांड में 10 आरोपियों को मृत्युदण्ड की सजा सुनाई है। बचे 27 फरार आरोपियों में से 9 को सुरक्षाबलों ने अलग अलग राज्यों में मुठभेड़ में मार गिराया है। जबकि शीर्ष नक्सल लीडर देवजी व देवा समेत 14 माओवादी समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। बचे चार नक्सलियों की तलाश की जा रही है। समर्पित व फरार नक्सलियों के खिलाफ एनआईए कोर्ट ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कानूनी जंग और फैसले पर हरिभूमि लगातार...



हरिभूमि फॉलोअप

एनआईए कोर्ट ने जिन 27 नक्सलियों को फरार घोषित किया है इनमें सोमा सोढ़ी उर्फ सुरेन्द्र उर्फ सुरिन्दर, बारसे सुक्का उर्फ देवाउर्फ देवन्ना, सप्पो हुंगा उर्फ विनोद, जयलाल मण्डावी, कुम्मे मोडियाम, पिप्पीरी तिरूपति उर्फ देवजी, पाका हनुमंथ उर्फ गणेश उईके, वैगुला अरूणा उर्फ माधवी उर्फ माधवक्का, मोडियम रमेश उर्फ लच्छु, तेलाम आयतु उर्फ आयतु डोड़ी, गीता पुनेम उर्फ गीता पोटाम, मंगली कोसा, मड्डा मड़कामी, सन्नु वेट्टी, भगत हेमला उर्फ बदरू, कामेश कवासी, कोरसा सन्नी उर्फ सन्नी कोरसाम, कोरसा सन्नु, सोमी पोट्टाम उर्फ सोनी पोट्टाम, कुरसाम सन्नी उर्फ कोसी उर्फ लच्छी, लक्खू पुनेम उर्फ गंगा पुनेम, कोरसा लक्खू, बदरू मोडियाम उर्फ मंगतु, सरिता काकेम उर्फ मिटकी, कुम्मा गोंदे उर्फ गुड्डु, हेमला मासा उर्फ संजय, तथा कवासी बदरू उर्फ सुखराम उर्फ गद्दाम बदरू शामिल है। फरार नक्सलियों में शामिल शीर्ष नक्सली लीडर देवजी व देवा तेलगांना में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं जबकि तेलगांना में ही गणेश उईके को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। फरार आरोपियों में तीन देवजी, गणेश उइके और वैगुला अरूणा उर्फ माधवी उर्फ माधवक्का आंध्रपदेश के हैं बाकी सभी छत्तीसगढ़ के हैं।

एनआईए की जांच सटीक, जेब में सबूत रखने वाले कर रहे राजनीति-विजय शर्मा

बस्तर प्रवास पर पहुंचे गृहमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकारों से चर्चा में इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि झीरम नरसहांर मामले में कुल 39 को नामजद आरोपी बनाया गया है। इनमें 9 मुठभेड़ में मारे जा चुके थे। वहीं गिरफ्तार 11 आरोपियों पर ट्रायल चल रहा था जिनमें एक की मौत हो चुकी है और 10 पर निर्णय आया है। झीरम घटना में शामिल 14 पुनर्वासित हैं। विजय शर्मा ने कहा कि एनआईए की जांच इतना सटीक है जिस पर अनावश्यक रूप से राजनीति करने की कोशिश की जा रही है। एनआईए की जांच के आधार पर एनआईए की कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में न्यायिक इतिहास का सबसे बड़ा फैसला सुनाया है। कांग्रेस के आरोप पर गृहमंत्री ने कहा कि जिसकी जेब में झीरम के सबूत थे और जिन्होने पांच वर्ष सरकार चलाई उसके बाद भी कोई सबूत नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आज भी इस फैसले के बाद मैं कह रहा हूं कि जांच एजेंसियों के समक्ष अपना विषय रखने का आप्शन खुला हुआ हैष उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वो चाय की दुकान पर पान की दुकान पर चौक चौराहों पर बात करते हैं। वे करें इससे हमें गुरेज नहीं है, लेकिन जहां पर कहना है वहां जाकर अपनी बात कहें क्यों नहीं कह रहे हैं।

हॉस्टल के बाहर कोयले से 'क्रॉस चिन्ह' बनाता था छात्र, तंत्र-मंत्र का आरोप, स्कूल ने थमाई टीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के सड्डू स्थित प्रयास विद्यालय से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के नवमी कक्षा के एक छात्र पर तंत्र-मंत्र का आरोप लगाते हुए शाला प्रबंधन ने टीसी पकड़ा दी। मामले के बाल आयोग पहुंचने के बाद छात्र का दाखिला पुनः स्कूल में कर दिया गया है और अब जांच बैठा दी गई है।

खास खबर

जिले में कक्षा 9वीं के छात्र को विद्यालय से टीसी देकर बाहर किए जाने से संबंधित मामला छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के संज्ञान में आया। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, छात्र के संदर्भ में सहपाठियों द्वारा शिकायत ▶▶|शेष पेज 2 पर

मामला सड्डू स्थित शासकीय प्रयास विद्यालय का, बाल आयोग में शिकायत



आरोप की पुष्टि नहीं

मामले को लेकर बच्चे के पालक की ओर से आवेदन में आरोप लगाया गया है कि छात्र को विद्यालय से निष्कासित करते हुए टीसी जारी की गई। साथ ही यह बात भी सामने आई है कि छात्र के तंत्र क्रिया में संलिप्त होने के कथित आरोप के चलते उसके विरुद्ध कार्रवाई की गई थी। हालांकि, तंत्र क्रिया में संलिप्तता संबंधी आरोप की कोई पुष्टि नहीं हुई है। प्राप्त आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि छात्र के पालक को समुचित जानकारी दिए बिना उसे कक्षा से बाहर कर टीसी प्रदान की गई, जिस पर पालक द्वारा विद्यालय प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए उचित जांच एवं कार्रवाई की मांग की गई। आवेदन का अवलोकन करने के पश्चात आयोग अध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 2 पर

निठारी कांड के आरोपी रहे कोली ने लगाई फांसी

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार

निठारी कांड के आरोपी रहे सुरेंद्र कोली का शव शुक्रवार को हरिद्वार के भूपतवाला में उसकी चाय की दुकान में फांसी पर लटका मिला। वह पिछले कुछ महीनों से नाम बदलकर हरिद्वार में रह रहा था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक उसने कथित तौर पर आत्महत्या की है, हालांकि पुलिस अभी पूरे मामले की जांच कर रही है। करीब 19 साल जेल में रहने के बाद नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट से आखिरी मामले में बरी होकर वह जेल से बाहर आया था। नोएडा ▶▶|शेष पेज 2 पर



2006 का है मामला

29 दिसंबर 2006 को मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले से मानव अवशेष मिलने के बाद पूरे देश में सनसनी फैल गई थी। इसके बाद सीबीआई ने मामले की जांच की और कोली के खिलाफ कई केस चले। कोली को निठारी से जुड़े 13 मामलों में मौत की सजा सुनाई गई थी। हालांकि 2023 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 मामलों में उसे बरी कर दिया।



पीएम मोदी आज बांटेंगे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को रोजगार मेला कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में चयनित युवाओं को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए नव-चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश के 45 अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

आतंकी ट्रेनिंग : अमेरिकी नागरिक को बेल

नई दिल्ली। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने म्यांमार में जातीय सशस्त्र समूहों को हथियार और ड्रोन संचालन की ट्रेनिंग देने के आरोप में गिरफ्तार अमेरिकी नागरिक मैथ्यू वैनडाइक को डिफॉल्ट जमानत दे दी है। वैनडाइक समेत सात विदेशी नागरिकों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मार्च 2026 में गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने एक लाख रुपये के बेल बॉन्ड और इतनी ही राशि की श्योरिटी पर वैनडाइक को जमानत दी है।

ऑस्कर: मराठी फिल्म 'गोंधल' भारत की ऑफिशियल एंट्री

मुंबई। मराठी थ्रिलर फिल्म 'गोंधल' (गोंधळ) को ऑस्कर 2027 के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है। एफएफआई ने शुक्रवार, 18 सितंबर को इसका ऐलान किया। इस दौड़ में नागा भाषा की फिल्म 'अंग' और तमिल फिल्म 'डोरोथी' भी शामिल थीं। संतोष डावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल', 99वें अकादमी अवॉर्ड्स में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।



haribhoomi.com

हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026

एफआईआर



नवरात्रि पर रामनवमी के दिन पूरा शहर जहां भगवान राम का जन्मोत्सव मना रहा था। वहीं एक छह साल की मासूम अपने ही सगे चाचा की हवस का शिकार हो गई। चाचा ने अनाचार के बाद बच्ची की गला दबाकर हत्या भी कर दी। यह सनसनीखेज वारदात मोहन नगर थाना क्षेत्र में अप्रैल 2025 में हुई थी। ओम नगर उरला में 6 साल की मासूम बच्ची से रेप और हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली थी, लेकिन इस 24 घंटे के भीतर पूरा दुर्ग दहल उठा था, मोहन नगर थाने में तोड़फोड़ से लेकर सड़क को जाम करने तक की नौबत को पुलिस ने झेला। काफी मशक्कत के बाद पुलिस आरोपी तक आखिरकार पहुंच ही गई, लेकिन मासूम का चाचा ही घटना का आरोपी निकलने पर किसी को भरोसा नहीं हो पा रहा था।

थाना में तोड़फोड़ और चक्काजाम

मासूम से दरिंदगी, शहर उबलता रहा, चाचा को सजा-ए-मौत

मोहन नगर थाना क्षेत्र की वारदात, 24 घंटे में पुलिस ने सुलझाई थी घटना

● भिलाई से जेएम तांडी

छताछ में खुलासा हुआ, जिसमें आरोपी चाचा ने स्वीकार किया कि उसने सुबह करीब 10 बजे ही मौका देख बच्ची को ऊपर नए बन रहे कमरे में ले गया। जहां चटाई बिछाकर करीब दो घंटे तक बच्ची से गलत काम किया। पुलिस और अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक बच्ची के चेहरे को लाइटर से जलाया गया। इतना ही नहीं, उसके नाजुक अंगों को बीड़ी या सिगरेट से जलाया गया था। पीएम के दौरान बच्ची के अंदरूनी हिस्से में सीमन जैसा कुछ मिला था। जिसे देखते हुए वेजाइनल स्वाप के स्लाइट तैयार किए गए हैं, जिसकी जांच के बाद ही रेप की पुष्टि हुई थी।

इतना ही नहीं ब्लड भी मिला था। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी और बच्ची की डीएनए सैंपल जांच के लिए भेजने की तैयारी की गई। विसरा समेत सारे आर्गन को सुरक्षित रखे गए। पीएम के दौरान मजिस्ट्रेट की टीम पूरे समय मौजूद थी। पीएम का वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस इस घटना में किसी भी प्रकार की कोई भी चूक नहीं करना चाह रही थी। जांच के बाद मासूम के साथ रेप और हत्या की खबर जैसे ही बाहर आई, लोगों में आक्रोश बढ़ गया। रात में बड़ी संख्या में लोग बच्ची के घर के आसपास पहुंच गए। संदेह के आधार पर पड़ोस में रहने वाले युवक से मारपीट भी हुई थी। उसके घर में आग भी लगाया गया था। बाद में पुलिस ने संदेह के आधार पर दो लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने काफी जांच पतासाजी करने के बाद मासूम बच्ची के चाचा ने ही इस तरह के घटना को अंजाम देकर पुलिस के साथ ही घूमता रहा।

आरोपी चाचा को फांसी की सजा हुई

मिली जानकारी के मुताबिक ओम नगर उरला में अप्रैल 2025 में हुए मासूम के साथ अनाचार मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई। कोर्ट ने आरोपी चाचा को दोषी मानते हुए चाचा को फांसी की सजा सुनाई। फैसला न्यायाधीश अनीष दुबे के कोर्ट से आया। जांच के बाद पुलिस ने बच्ची के चाचा को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी चाचा सहित तीन लोगों के सैंपल को डीएनए टेस्ट कराया। जांच कराने के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि पुलिस की जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट से मिले बायोलाजिकल एविडेंस के साथ डीएनए प्रोफाइलिंग कराई गई। आरोपी चाचा का डीएनए मैच हुआ है। डीएनए रिपोर्ट के अलावा पुलिस को आरोपी के घर से खून के धब्बे मिले थे। आरोपी के अंडर गार्मेंट्स में खून लगा मिला था। पुलिस ने उन्हें भी जब्त किया। इसके अलावा अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी चाचा को दोषी मानते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई। प्रकरण में शासन के तरफ से पैरवी अधिवक्ता रूपवर्षा दिल्लीवार ने की।



पुलिस ने किया था खुलासा

शाम को पुलिस कंट्रोल रूम में तत्कालीन एएसपी सुखनंदर राठौर, क्राइम डीएसपी रहे हेमप्रकाश नायक ने घटना का पूरा खुलासा किया। खुलासे में बताया कि घटना को अंजाम मासूम बच्ची के सगे चाचा ने ही अंजाम दिया। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे 6 अप्रैल की रात ही हिरासत में ले लिया था। हिरासत में पूछताछ के दौरान उसने अपना गुनाह कबूल लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह बच्ची को ऊपर के कमरे में ले गया, जहां उससे गलत काम किया। इसके बाद दोपहर 1 बजे से 3 बजे के बीच के बीच मौका देख बच्ची के शव को कार में डाल दिया। किसी को संदेह न हो, इसलिए परिजनों के साथ बच्ची को खोजते रहा। पुलिस जब इस मामले में जांच कर रही थी तो आरोपी के बारे में पता चला कि वह नशेड़ी है। पूरे दिन नशे में रहता है। इस कारण से उस पर संदेह हुआ। हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो पूरे मामले का खुलासा हो पाया।

सोशल मीडिया की पोस्ट से माहौल हुआ था गर्म

सोशल मीडिया में बच्ची के समर्थन में रात 11 बजे से पोस्ट डलने शुरू हो गए। बेटी हम शर्मिंदा है कि दरिंदे से तुम्हे नहीं बचा पाए, पुलिस से अपील और बेटियों का न होने दे यौन उत्पीड़न जैसे पोस्ट शेयर होने लगे। रात में ही छात्र संगठन के कार्यकर्ता मोहन नगर थाने के बाहर जमा हो गए। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाद में पुलिस ने उन्हें शांत कर घर भेज दिया। सुबह से पीएम को लेकर मरचुरी में भीड़ लगे रही। दोपहर होते-होते मोहन नगर थाने में कई सामाजिक संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता थाने में जमा होने लगे थे। इधर बच्ची का पीएम हुआ। पीएम के बाद पुलिस एम्बुलेंस में बच्ची को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की कोशिश कर रही थी। लेकिन परिजन ने बच्ची को लेकर ई-रिक्शा में लेकर थाने पहुंच गए। जहां बच्ची के शव को देखकर भीड़ आक्रोशित हो गई। इस दौरान जमकर हंगामा हुआ। आरोपियों को बाहर लाने की मांग उठने लगी। पुलिस जैसे-तैसे आरोपियों का मुलाहिजा कराने के लिए निकली। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। बाद में मामला शांत हुआ।



एक कथित तांत्रिक विजय कुमार राज (48) ने बिल्हा के सबंलपुरी में कांग्रेस समर्थित सरपंच पति के घर अनुष्ठान का वीडियो बनाया। जिसमें पैसों की गड्डी के सामने नारियल, अगरबत्ती रख पूजा की। फिर अचानक ऊपर से पैसों की बारिश होने लगी। वीडियो देख झांसे में आकर कोरिया के 4 लोगों ने पैसा दे दिया, लेकिन जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ, तो वे अपना पैसा वापस मांगने गए। तब तक तांत्रिक और उसके 4 साथी भाग गए। ठगे गए लोगों ने तांत्रिक और उसके साथियों को रतनपुर रोड के हाईवे में बीच सड़क पर रोककर जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने मामले में एक सरपंच, 3 महिलाओं समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया था।



● बिलालपुर से विकास चौबे

तांत्रिक ने पैसों की बारिश दिखाई, 2.50 लाख को 2.50 करोड़ बनाने का झांसा

महिलाएं लोगों को झांसे में लाने में का काम करती थी

पुलिस के अनुसार आरोपी रिखीराम नवरंग बिल्हा के गांव संबलपुर से सरपंच पति है और कांग्रेस समर्थित है। यह तांत्रिक के अनुष्ठान में सहयोग देता था। विजय कुमार राज खुद को तांत्रिक बताता था। इनसे जुड़ी तीन महिलाएं लोगों को झांसे में लाने में का काम करती थी। लाखों रुपयों को करोड़ों में बदलने का दावा करती थी। इसी दावे के साथ 30 जनवरी को कोरिया निवासी 4 युवकों को बिल्हा बुलाया गया, जहां आरोपियों ने 'पैसों की बारिश' का नाटक



रचा और उनसे ढाई लाख रुपए ठग लिए। पुलिस के मुताबिक तांत्रिक विजय कुमार राज (48) कोरबा जिले के दीपका का रहने वाला है। वह तंत्र मंत्र के बाद ठगी के पैसों को लेकर जा रहा था। इसी दौरान रात करीब साढ़े 3 बजे रतनपुर में एक ढाबे के पास टॉयलेट के लिए उसने अपनी कार रोकी, तभी 2 कार वहां आकर रुकी। जिसमें से ठगी के शिकार हुए 4 पीड़ित युवक उतरे और फिल्मी स्टाइल में विजय के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसके बाद हमलावर उसकी की कार, 3 मोबाइल और करीब 8 हजार रुपए कैश लूटकर भाग गए।



लालच में फंसे आरोपी, तांत्रिक के खिलाफ भी कार्रवाई

एएसपी मधुलिका सिंह ने बताया कि, जांच में यह भी सामने आया है कि कथित तांत्रिक विजय ने तंत्र-मंत्र के जरिए ठगी की बात पुलिस से छिपाई थी। जबकि, वह खुद भी ठगी का आरोपी निकला। पुलिस दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। तांत्रिक और उसके सहयोगियों पर बिल्हा थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। वहीं, ठगी केआरोपियों के पास से 1 लाख 85 हजार रुपए बरामद किया गया है। मामले में पुलिस ने गुरूजी, सरपंच रिखीराम, विमला बाई गोंड़, बृहस्पति, ब्रीज बाई गोंड़, विजय राज के खिलाफ बीएनएसी की धारा 318, 4 , 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि इसमें से एक पक्ष ने रतनपुर रोड से आरोपी विजय राज से मारपीट कर कार लूटी थी। उक्त मामले में रतनपुर पुलिस ने लूट के आरोप में कोरिया निवासी विद्यादास महंत, रामसुन्दर, राजीव कुमार सिंह, गुलशन कुजूर को गिरफ्तार किया था।

तांत्रिक से बदला लेने की लूटपाट

इस घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। टेक्निकल साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस की टीम आरोपियों की तलाश में अंबिकापुर और कोरिया पहुंची। जहां टीम ने 2 फरवरी को लूट मारपीट के चारों आरोपियों को सरगुजा और कोरिया से गिरफ्तार कर बिलासपुर लाया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल की गई रकम, क्रेटा-अर्टिगा कार व अन्य सामग्री को भी जब्त कर लिया। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि, उन्होंने बदले की भावना से वारदात को अंजाम दिया है। बताया गया कि विजय कुमार राज ने तंत्र विद्या और पूजा-पाठ से पैसे बढ़ाने का झांसा दिया था।

श्मशान की मिट्टी लाने की बात कहकर भागे

दरअसल, तांत्रिक लोगों को एक वीडियो दिखाता था, जिसमें पैसों की बारिश हो रही है। वह दावा करता था वह पैसों को कई गुना ज्यादा कर देगा। उसका वीडियो देख लोगा झांसे में आ जाते थे। तांत्रिक ने शख्स से दावा किया था कि वह ढाई लाख को ढाई करोड़ रुपए बना देगा। उस रात को कथित अनुष्ठान करने के बाद तांत्रिक विजय राज ने बाकी लोगों को बाहर बैठने को कहा और रात करीब 10:30 बजे तक पूजा करता रहा। इसके बाद श्मशान की मिट्टी लेने जा रहे कहकर नोटों से भरा थैला थमाया और बाइक से भाग गए। काफी देर बाद भी नहीं लौटने पर जब जो थैला वह छोड़कर गया था, उसे खोला गया तो उसमें असली नोटों की जगह नकली नोटों के बंडल निकले। जब तांत्रिक के मोबाइल पर कॉल किया गया तो फोन बंद मिला। इसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई और बाद में रास्तो रोककर पिटाई भी की गई।

शनिवार 18 अगस्त 2018 की दोपहर दरभा व तोंगपाल थाना क्षेत्र की सीमा से लगे बाडनपाल में छोटी सी बात ने जघन्य हत्या का रूप ले लिया। शराब का सेवन कर रहे नाबालिग भतीजे व चाचा ने मिलकर इसलिए वृद्ध की हत्या कर दी, क्योंकि उसने चाचा भतीजे को शराब का सेवन करने से मना किया, जो दोनों को इतना नागवार गुजरा की नाबालिग भतीजे ने वृद्ध की चाकू से गला रेत दिया और चाचा ने कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी।

घटना के बाद सौंपा हथियार व हत्या करना कबूला

शराब पीने से मना किया तो चाचा व भतीजे ने चाकू और टंगिये से काट डाला



● जगदलपुर से राजेश दास

द रअसल चाचा मड़कामी सन्ना अपने नाबालिग भतीजे के साथ गांव के ही लखमा मड़कामी के घर के परछी में बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। इसी दौरान शाम लगभग चार बजे वहां से गुजर रहे बुधरा मड़कामी ने दोनों को शराब सेवन करते देखा तो शराब पीने से मना करते हुए गाली गलौच करने लगा। इसी बात पर नाबालिग भतीजे ने बुधरा मड़कामी पर कडरी (चाकू) से हमला कर गला रेत दिया। वहीं आरोपी मड़कामी सन्ना ने पास ही रखे कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। दोनों के हमले से बुधरा की मौके पर ही मौत हो गई, कुछ ही देर में इस बात की खबर पूरे गांव में फैल गई और दशहत का माहौल हो गया। घटना के दौरान मृतक का पुत्र कमलराम मड़कामी अपनी पत्नी के साथ खेत गया हुआ था, शाम को लौटने पर गांव वालों ने खबर दी कि तुम्हारे पिता का शव लखमा मड़कामी के घर के बरामदे में पड़ा हुआ है। मौके पर जाकर देखने पर पिता का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला। घटना की खबर सुकमा जिले के तोंगपाल थाने में दी गई। जिसके बाद तोंगपाल पुलिस ने शून्य में मामला दर्ज कर मामला दरभा थाने को भेज दिया। दरभा पुलिस द्वारा धारा 302, 34 के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

इलाके में छोटी छोटी बात पर हत्या आम बात

दरभा व कोड़ेनार थाना क्षेत्र में छोटी छोटी बात पर हत्या करना आम बात है। इससे पूर्व भी इलाके में मामूली बात पर हत्या की कई वारदातें हो चुकी है। वर्ष 2018 में जब हत्या की वारदात हुई यह वह दौर था, जब इस पूरे इलाके में नक्सल घटनाएं काफी होती थी और नक्सली पुलिस मुखबरी के संदेह में आग ग्रामीणों का गला रेतकर हत्या कर देते थे। नाबालिग बालक द्वारा गांव के ही बुजुर्ग की जिस तरह गला रेता गया। इससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था।

पूछताछ में हत्या कबूला, हथियार भी सौंपा

मामले की विवेचना कर रहे तत्कालीन एसआई रामविलास नेगी ने बताया कि मामले में कई गवाहों के बयान लेने के बाद आरोपियों की निशानदेही पर हथियार में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व चाकू बरामद कर लिया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि हत्या की वजह मृतक द्वारा शराब पीने देने से मना करना और गालीगलौच करना था। मृतक द्वारा दी जा रही अश्लील गाली गलौच से वे काफी गुस्से में आ गए और उसकी हत्या कर दी।

रायपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी | वर्ष : 25, अंक : 60 | पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़+मध्यप्रदेश+हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीणों को सिर पर पक्का छांव तो दे ही रहा है, हाथी प्रभावित गांवों में लोगों की जान भी बचा रहा है। ऐसा नहीं है कि गांव में सभी के पक्के मकान हैं, जिनके कच्चे घर हैं वे पीएम आवास की छतों का सहारा ले रहे हैं, जिससे हाथियों के उत्पात से उन्हें शारीरिक क्षति नहीं हो रही है।

घूम रहा हाथियों का दल...जान बचाने पीएम आवास की छत पर बनाया पॉलीथिन का मचान

हसन खान ⏭ मैनपुर

हरिभूमि सरोकार

वे अपना कीमती सामान लिए पक्की छतों में गुजारा करते हैं। दरअसल हाथियों के दल करीब सप्ताह भर से क्षेत्र में घूम रहे हैं और फसल के साथ ग्रामीणों के कच्चे मकानों को तोड़फोड़ कर तहस-नहस कर रहे हैं। गरियाबंद जिले के सुदूर आदिवासी ⏭शेष पेज 2 पर

पखवाड़ेभर में सैकड़ों एकड़ धान,मक्का, दलहन-तिलहन की फसल को किया गज-दल ने किया चौपट



हाथी के हमले से कई लोगों की हो चुकी है मौत

आज से कुछ वर्ष पहले इन ग्रामों में कच्चे झोपड़ीनुमा मकान होने के कारण हाथियों का दल गांव के भीतर प्रवेश कर आसानी से मकान को तोड़ देते थे और घरों में रखे राशन सामाग्री को खा जाते थे। साथ ही हाथियों के हमले से कई लोग जान भी गंवा चुके हैं।

बिना पीएम आवास वाले पक्के मकानों की छतों पर लेते हैं शरण

हाथी प्रभावित इन ग्रामों के कई परिवारों को आज भी प्रधानमंत्री आवास का लाभ नही मिला है। ऐसे परिवार हाथियों के दल के गांव में आने से पहले पक्के मकानों के ऊपर पॉलीथिन और बांस के सहारे बनी झोपड़ियों में आश्रय लेते हैं और रात गुजारते हैं।

क्या कहते हैं वन परिक्षेत्र अधिकारी



वन परिक्षेत्र अधिकारी मैनपुर आर के साहू ने बताया 35 की संख्या में हाथियों का दल मैनपुर के समीप जंगल में पिछले 15 दिनों से डेरा डाले हुए है। यह शाम होते ही गांव के तरफ पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों को मशाल,टार्च व जरूरी सुविधा मुहैया कराने के साथ हाथी मित्र दल और वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

स्पैम कालः एआई से होगी फर्जी नंबरों की पहचान

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने बड़ा कदम उठाया है। शुक्रवार को ट्राई ने स्पैम कॉल्स और संदेशों पर रोक लगाने के लिए नियमों को काफी कड़ा कर दिया है। अब संदिग्ध नंबरों और रोबोकॉल की निगरानी के लिए एआई और मशीन लर्निंग (एमएल) की मदद ली जाएगी।

भारत में आईफोन 18 श्रृंखला की बिक्री शुरू

नयी दिल्ली। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल की आईफोन 18 श्रृंखला के फोन शुक्रवार को भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए। इनके लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु तथा नोएडा समेत प्रमुख शहरों में कंपनी के स्टोर के बाहर खरीदारों की कतारें देखी गईं। एप्पल ने नौ सितंबर को आईफोन 18 श्रृंखला के उत्पाद पेश किए थे।

बुजुर्ग से 1.12 करोड़ की ठगी बैंक मैनेजर समेत 6 गिरफ्तार

मुंबई। साइबर पुलिस ने 68 साल के एक बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट कर 1.12 करोड़ रुपए ठगने के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका एक वेब डेवलपर और एक निजी बैंक का ऑपरेशंस मैनेजर भी शामिल है।



जहरीली शराब : मेथनॉल संबंधी नियम रद्द

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र जहर नियमावली के उन प्रावधानों को रद्द कर दिया, जिनके तहत गैर-दवा निर्माताओं को मेथनॉल बेचने से पहले उसमें खास रंग और कड़वा स्वाद मिलाने की शर्त थी ताकि जहरीली शराब से होने वाली त्रासदियों को रोका जा सके। न्यायालय ने कहा कि ऐसी पाबंदियां मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती हैं और शराब पर पूर्ण रोक लगाने से अक्सर इसका गैर-कानूनी कारोबार होने लगता है।

तात्कालिक या अस्थायी उपाय को बताया नाकाफी

नीट पेपर लीक पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, एनटीए दफ्तर जाएंगे जज, खुद चेक करेंगे सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक की बार-बार होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए प्रणाली को संस्थागत रूप से मजबूत बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए, उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक असामान्य संकेत दिया कि पीठ में शामिल न्यायाधीश राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की नयी व्यवस्था का जायजा लेने के लिए उसके दफ्तर का दौरा कर सकते हैं।

एनटीए, 'नीट-यूजी' आयोजित करता है और बार-बार प्रश्नपत्र लीक होने की वजह से आलोचनाओं का सामना कर रहा है। एनटीए ने न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ को बताया कि उसने प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए अपने पूरे तंत्र में बदलाव किया है जिसमें प्रशासनिक संरचना से लेकर बुनियादी ढांचा तक, सब कुछ शामिल है। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह और न्यायमूर्ति अराधे, प्रणाली की जांच करने के लिए एनटीए की नयी व्यवस्था वाली जगह का दौरा करना चाहेंगे। पीठ ने मेहता से कहा, 'बार-बार होने वाले प्रश्नपत्र लीक को रोकने के लिए एनटीए की प्रणाली को संस्थागत रूप से मजबूत करना बहुत जरूरी है। सिर्फ तात्कालिक या अस्थायी उपाय काफी नहीं होंगे। आपको पता होना चाहिए कि पूरी प्रणाली का स्थायी होना ही सबसे जरूरी है।'

सर्वोच्च न्यायालय ने दिया संस्थागत मजबूती पर जोर



यह कहा केंद्र ने

सुनवाई की शुरूआत में, केंद्र ने न्यायालय से कहा कि नीट में संरचनात्मक सुधारों का सुझाव देने के लिए गठित नंदन नीलेकणि की अगुवाई वाली उच्चस्तरीय समिति ने व्यापक विचार-विमर्श किया है और वह संभवतः इस महीने के अंत तक अपनी पहली अंतरिम रिपोर्ट सौंप देगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि सभी सुझाव समिति के समक्ष रखे गए हैं और समिति ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अगुवाई वाली पूर्व समिति के सदस्यों से भी विचार-विमर्श किया है।

व्यवस्था का लेंगे जायजा

न्यायालय ने कहा, 'स्थायी कर्मचारी और संगठनात्मक ढांचा होना चाहिए। प्रतिनियुक्ति पर बहुत कम लोग होने चाहिए। तभी एक स्थायी ढांचा तैयार हो पाएगा।' न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा कि न्यायाधीश दिल्ली में मिंटो रोड पर एनटीए के दफ्तर जाएंगे और देखेंगे कि प्रणाली असल में काम कर रही है या नहीं। साथ ही, वहां के कर्मियों, और अन्य व्यवस्था का भी जायजा लेंगे।

कोर्ट ने एजेंसी को यह दिए आदेश

सुधारों की जानकारी दें- कोर्ट ने एनटीए को अपने सुधारों और अब तक हुई प्रगति का ब्योरा वेबसाइट पर डालने का निर्देश दिया है। इससे परीक्षा व्यवस्था में हो रहे बदलावों की जानकारी सार्वजनिक होगी। स्थायी कर्मचारी रखे जाएं- एनटीए के लिए पर्याप्त स्थायी कर्मचारी और विशेषज्ञ स्टाफ रखने की जरूरत पर चर्चा हुई। कोर्ट ने बेहतर मैनपावर, प्रशिक्षण, इंफ्रास्ट्रक्चर और संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत बताई। एनटीए को मजबूत कानूनी आधार देने के लिए वैधानिक व्यवस्था पर भी विचार किया गया। डिजिटल परीक्षा चरणबद्ध तरीके से होगी- कोर्ट ने कहा कि लिखित परीक्षा से डिजिटल परीक्षा की ओर बदलाव अचानक नहीं किया जा सकता। इसे धीरे-धीरे लागू करना होगा, ताकि नई व्यवस्था में परेशानी न हो। सुझाव भेजने की सुविधा- कोर्ट ने कहा कि परीक्षा सुधारों को लेकर वकील और राज्य अपने सुझाव तय ई-मेल के जरिए भेज सकते हैं।

नीट पेपर लीक में अब तक 13 गिरफ्तार

नीट-यूजी परीक्षा 3 मई को देश के 551 शहरों और विदेश के 14 सेंटर्स में हुई थी। इसमें करीब 23 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। एनटीए के अनुसार 7 मई की शाम परीक्षा में गड़बड़ी की सूचना मिली थी। इसके बाद मामला केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा गया। 12 मई को परीक्षा रद्द की गई और री-एग्जाम का फैसला लिया गया। 21 जून को नीट की परीक्षा दोबारा हुई थी।

सभी केस बंद, सेबी और एनएसई का हाईप्रोफाइल विवाद खत्म!

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शेयर बाजार में पिछले कई सालों से चले आ रहे देश के सबसे बड़े और हाई-प्रोफाइल विवादों में से एक पर अब पूरी तरह से विराम लग गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बाजार नियामक सेबी (सेबी) के बीच को-लोकेशन और डार्क-फाइबर मामलों में समझौता हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस समझौते पर अपनी ⏭शेष पेज 2 पर

■ एनएसई ने चुकाए 1491 करोड़ रुपए

क्या है मामला

यह विवाद दो मुख्य बातों पर आधारित था। पहला को-लोकेशन मामला एनएसई कुछ बड़े और चुनिंदा ब्रोकर्स को अपने सर्वर के बिल्कुल पास (उसी बिल्डिंग में) सर्वर लगाने की सुविधा देता था। आरोप था कि इससे उन ब्रोकर्स को बाकी आम निवेशकों की तुलना में कुछ मिलीसेकंड्स पहले मार्केट डेटा मिल जाता था, जिससे वे करोड़ों का मुनाफा ⏭शेष पेज 2 पर

जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो
सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's
डा.ऑर्थो
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है

वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये

इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है

आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।



24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com
Available at all medical & general stores

35 मिनट की देरी, एयर इंडिया ने लिया एक्शन

पायलट समेत 8 क्रू मेंबर 3 माह के लिए सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एअर इंडिया एक्सप्रेस के आठ क्रू मेंबर को तीन महीने के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। इनमें चार पायलट और चार केबिन क्रू मेंबर शामिल हैं। मामला 2 अगस्त 2026 का है, जब दुबई से अमृतसर पहुंची एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट के क्रू ने जरूरी पोस्ट-फ्लाइट ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट तय समय के बाद कराया। एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट एएक्स-192 सुबह 9:50 बजे अमृतसर के श्री गुरु राम ⏭शेष पेज 2 पर



एक क्रू मेंबर की तबीयत खराब थी

सूत्रों के मुताबिक, फ्लाइट के लैंड करने के बाद एक क्रू मेंबर की तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद सभी क्रू मेंबर जरूरी पोस्ट-अराइवल औपचारिकताएं पूरी करके अपने तय होटल चले गए।

इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2026 शुरू, सीएम ने कहा भविष्य के उद्योगों का नया केंद्र बनेगा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2026' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों से आए उद्यमियों, निवेशकों और औद्योगिक प्रतिनिधियों का छत्तीसगढ़ की धरती पर स्वागत करते हुए ⏭शेष पेज 2 पर



नई औद्योगिक नीति से निवेश को मिली नई गति

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने उद्योग जगत, निवेशकों और विभिन्न हितधारकों से व्यापक विचार-विमर्श के बाद औद्योगिक विकास नीति 2024-30 लागू की है। इस नीति का उद्देश्य केवल निवेश आकर्षित करना नहीं, बल्कि ऐसा औद्योगिक इकोसिस्टम तैयार करना है, जिसमें निवेश, उत्पादन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था एक साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति में प्रक्रियाओं के सरलीकरण, निवेशकों को प्रोत्साहन, नए ⏭शेष पेज 2 पर

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी...

इंडिगो ने शिशु यात्रा, समेत कई सेवाओं के बढ़ाए शुल्क

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने हाल में शिशु यात्रा और अकेले यात्रा करने वाले नाबालिगों समेत विभिन्न सहायक सेवाओं के शुल्क बढ़ा दिए हैं। हालांकि, शुल्क में बदलाव पर इंडिगो की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई है। घरेलू उड़ानों में शिशु यात्रा का शुल्क बढ़ाकर 3,000 रुपए कर दिया गया है, जो पहले 2,200 रुपए था। अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर यह शुल्क अलग-अलग है। तीन दिन से अधिक और दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शिशु की श्रेणी में रखा जाता है।



घरेलू बाजार में हिस्सेदारी

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में इंडिगो की घरेलू बाजार हिस्सेदारी 67.4 प्रतिशत थी। इंडिगो की वेबसाइट के अनुसार, अकेले यात्रा करने वाले नाबालिगों के लिए घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का शुल्क क्रमशः 5,999 रुपए और 12,999 रुपए है। हालांकि, इन सेवाओं के पुराने शुल्क का तत्काल पता नहीं चल सका। वेबसाइट के अनुसार, फास्ट-फॉरवर्ड सेवा का शुल्क 650 रुपए और यात्रा प्रमाणपत्र का शुल्क 300 रुपए है।

विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट से जुड़े नियमों में किया बदलाव

15 साल से छोटे बच्चों का पासपोर्ट 5 साल तक वैध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विदेश जाने के लिए पासपोर्ट बनवाने वालों के लिए जरूरी खबर है। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट से जुड़े नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत 15 साल से कम उम्र के बच्चों के 36 पेज वाले सामान्य पासपोर्ट की वैलिडिटी अब 5 साल या बच्चे के 18 साल का होने तक रहेगी। इनमें से जो भी पहले होगा, उसी के हिसाब से पासपोर्ट की वैलिडिटी खत्म हो जाएगी। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट संशोधन नियम 2026 को 15 सितंबर को सरकारी राजपत्र में जारी किया है। नोटिफिकेशन जारी होते ही ये नियम लागू हो गए हैं।



बच्चों के पासपोर्ट में क्या बदला?

नए नियम के मुताबिक, 15 साल से कम उम्र के बच्चे को जारी किया गया 36 पेज का सामान्य पासपोर्ट अब जारी होने की तारीख से 5 साल तक वैलिड रहेगा। लेकिन अगर बच्चा इससे पहले 18 साल का हो जाता है, तो पासपोर्ट की वैलिडिटी वहीं खत्म हो जाएगी। यानी किसी बच्चे का पासपोर्ट 5 साल पूरे होने से पहले ही उसके 18 साल के होने पर खत्म हो सकता है।

पासपोर्ट की फीस भी बढ़ी

विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट से जुड़ी अलग-अलग सेवाओं की फीस भी बढ़ाई है। नई फीस 1 जुलाई से लागू है। इसमें नया पासपोर्ट बनवाने, पासपोर्ट रिन्यू कराने, तत्काल सेवा, पासपोर्ट खोने या खराब होने पर नया पासपोर्ट और पुलिस क्लियरेंस सर्टिफिकेट यानी पीसीसी जैसी सेवाएं शामिल हैं। वयस्कों के लिए सामान्य कैटेगरी में 36 पेज का पासपोर्ट अब 2,500 रुपये का होगा।

तत्काल पासपोर्ट कितना महंगा

36 पेज के तत्काल पासपोर्ट के लिए अब 5,000 रुपये देने होंगे। पहले इसकी फीस 3,500 रुपये थी। वहीं 60 पेज के तत्काल पासपोर्ट की फीस 4,000 रुपये से बढ़कर 6,000 रुपये हो गई है। 60 पेज का पासपोर्ट खोने या खराब होने पर तत्काल में नया पासपोर्ट बनवाने की फीस अब 8,500 रुपये होगी।

सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- मुनाफे के लिए प्राइवेट यूनिवर्सिटी नहीं चला सकते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मुनाफा कमाने के लिए प्राइवेट यूनिवर्सिटी नहीं चलाई जा सकतीं। इनका मकसद शिक्षा से जुड़े सार्वजनिक लक्ष्य को पूरा करना होना चाहिए। इन संस्थानों को सिर्फ मुनाफा कमाने वाले बिजनेस की तरह चलने की परमिशन नहीं दी जा सकती। यह बात जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कही। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जानकारी छिपाने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्हें कानूनी अधिकारों का इस्तेमाल कर संबंधित यूनिवर्सिटी से सभी जानकारी लेने को कहा गया है। अगली सुनवाई 19 नवंबर को होगी।

ऑडिटेड खाते सहित सभी जानकारी जमा करें

कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 6 हफ्ते में यूनिवर्सिटीज के ऑडिटेड खाते जमा करने को कहा गया है। इन खातों में सरप्लस आय, खर्च, फीस वसूली और कर्मचारियों की सैलरी की जानकारी देनी होगी। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दाखिले, भर्ती और पढ़ाई के स्तर से जुड़ी जानकारी भी देनी होगी। यह आदेश एमिटी यूनिवर्सिटी से जुड़े मामले में दिया गया है। इसमें एक छात्रा ने कॉलेज रिकॉर्ड में नाम बदलने की मांग की थी, जिसके बाद उसे परेशान किया गया।

जुटाए गए फंड के इस्तेमाल की रिपोर्ट भी दें

सभी यूनिवर्सिटी को जुटाए गए फंड, उसके इस्तेमाल और यूनिवर्सिटी से सीधे जुड़े नहीं होने वाले लोगों को किए गए भुगतान की ऑडिटेड रिपोर्ट देनी होगी। यूनिवर्सिटी को केंद्र या राज्य सरकारों से मिली सभी सुविधाओं और लाभों की जानकारी भी देनी होगी। इसमें जमीन आवंटन और कानूनी छूट से जुड़े लाभ शामिल हैं। इन फंड्स से किए गए निवेश का ब्योरा भी खास तौर पर देना होगा।

फीस, स्टाफ और खर्च की जानकारी मांगी

अदालत ने यूनिवर्सिटी में दाखिले के समय और कोर्स के दौरान अलग-अलग मदों में ली गई फीस का ब्योरा मांगा है। इसमें टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ की भर्ती के लिए जिम्मेदार बोर्ड की जानकारी भी शामिल है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कर्मचारियों की सैलरी, दूसरे भुगतान और उनकी सेवा शर्तों की जानकारी भी देनी होगी।



एडमिशन और पढ़ाई के स्तर पर भी निगरानी

अदालत ने यूनिवर्सिटीज की एडमिशन प्रोसेस और पढ़ाई के स्तर पर भी जानकारी मांगी है। इसमें दाखिले, प्रश्नपत्र तैयार करने और उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए जिम्मेदार लोगों का ब्योरा शामिल है। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट की इन कामों में भूमिका की जानकारी भी देनी होगी। इसके अलावा, पिछले एक साल में प्रोफेसर्स को दिए गए टीचिंग आवर्स और उनके जरिए वास्तव में ली गई क्लास की जानकारी देनी होगी। अदालत ने इस निर्देश का कारण बताते हुए कहा, "हम जानना चाहते हैं कि छात्रों को नुकसान से बचाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी या नहीं।

मामला एमिटी यूनिवर्सिटी से जुड़ा

यह मामला एमिटी यूनिवर्सिटी से जुड़ा है। एक छात्रा ने कॉलेज रिकॉर्ड में अपना नाम बदलने की मांग की थी। इसके बाद उसे परेशान किए जाने का मामला सामने आया। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल इस मामले पर सुनवाई शुरू की थी। नवंबर 2025 में अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को व्यापक निर्देश दिए थे। साथ ही यूनिवर्सिटी बनने की प्रक्रिया, उन्हें दिए गए लाभ और रेगुलेटर की जानकारी मांगी थी कि वे "नो प्रॉफिट, नो लॉस" नियम का पालन करें।

सोशल मीडिया पोस्ट हटाने का निर्देश : स्टूडेंट की वकील चारु माथुर ने अदालत को बताया कि उसे रोज परेशान किया जा रहा है। उसके खिलाफ अपमानजनक और मानहानिकारक सोशल मीडिया पोस्ट ऑनलाइन शेयर किए जा रहे हैं। मामला अदालत में विचाराधीन होने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने छात्रा को सुरक्षा दी। अदालत ने केंद्र सरकार को सभी आपत्तिजनक लिंक हटवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जैकेट के शेष

हॉस्टल के बाहर ....

की गई थी। छात्र कक्षा के बाहर कोयले से क्रॉस का निशान बनाता था। इसके मध्य वो अपने सहपाठी छात्रों का नाम लिखा करता था। देर रात तक छात्र के कैंपस में घूमने की भी शिकायत सहपाठियों ने की। कई छात्र इस भय से बीमार भी हो गए। इसके पश्चात प्रबंधन द्वारा छात्रों के पालक को बुलाया गया था।

अफसरों को हाजिर होने निर्देश : आयोग ने छात्र की टीसी निरस्त कर उसकी पढ़ाई पुनः जारी रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी परिस्थिति में उसकी शिक्षा प्रभावित न हो। मामले की जांच के लिए प्रयास विद्यालय के प्राचार्य एवं अधीक्षक को 21 सितंबर को आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर संबंधित दस्तावेजों एवं अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। आयोग अध्यक्ष डॉ.वर्णिका शर्मा ने निर्देशित किया है कि प्रकरण के अंतिम निराकरण तक छात्र के शैक्षणिक हित ध्यान में रखते हुए उसकी पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रखी जाए।

आरोप की पुष्टि ....

डॉ.वर्णिका शर्मा ने इसे संज्ञान लिया। आयोग द्वारा आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को मामले की विस्तृत जांच कर तथ्यात्मक एवं लिखित प्रतिवेदन आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

निठारी कांड के ....

के निठारी में 2005-06 में बच्चों और महिलाओं के गायब होने के बाद उसका नाम सामने आया था। **चार दिन पहले ही किराए पर ली थी चाय की दुकान :** सुरेंद्र कोली कुछ महीने पहले ही हरिद्वार आया था। यहां वह अकेला रहता था और अपनी पहचान छिपाकर जिंदगी जी रहा था। करीब 15 दिन पहले उसने सिडकुल की एक कंपनी में काम शुरू किया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

COM/FRT/G/R-SGBB-COAL/E-auction/26/03, Date: 16.09.2026

क्र.सं.	संक्षिप्त विवरण	नीलामी तिथि	नीलामी समय
1.	एसजीबीबी गुड्स शेड में उपलब्ध लगभग 484 टन कोयले, जो ओवरलोडेड वैगनों से भार समायोजन हेतु उतारा गया तथा दावा न किये गए अवशिष्ट एवं ऑफलोडेड माल के रूप में पड़ा है, की नीलामी।	27.10.2026	11:00 से 11:30

सभी ई–नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।
पीआर/आर/एसआर.डीसीएम/पीसीएन/209 सहायक वाणिज्य प्रबंधक/रायपुर
South East Central Railway @secrail

पेज एक के शेष

घूम रहा हाथियों का दल...

विकासखंड मैनपुर के हाथी प्रभावित ग्राम दबनई, फरसरा, छिन्दौला, लुठापारा, धोबीपारा, लेडीबहार, जिड़ार, चलकीपारा, सिंहार, डडईपानी, कंवरआमा, नारीपानी, तुहामेटा, कोनारी, जरण्डी, ओड़, आमामोरा, ताराझर, कुरवापानी, मटाल, भालुडिग्गी, गोबरा, काटीपारा जैसे दर्जनों गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीणों के लिए न केवल छत, बल्कि सुरक्षा का मजबूत कवच साबित हो रहा है। लंबे समय से जंगली हाथियों के उत्पात और भय के साये में जीने को मजबूर ग्रामीणों को अब पक्के मकान बनने से बड़ी राहत मिली है। क्षेत्र के वनांचल गांवों में अक्सर जंगली हाथियों की आवाजाही बनी रहती थी। पूर्व में कच्चे, मिट्टी और खपरैल के मकान होने के कारण हाथी आसानी से इन्हें नुकसान पहुंचा देते थे, जिससे ग्रामीणों की जान-माल का भारी खतरा बना रहता था। रात होते ही ग्रामीण भयभीत रहते थे और अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने को मजबूर हो जाते थे लेकिन प्रधानमंत्री ग्राम आवास योजना के तहत मिले पक्के कांक्रीट के मकानों ने ग्रामीणों की इस बड़ी समस्या का काफी हद तक समाधान कर दिया है।

सभी केस बंद, सेबी और...

मुहर लगा दी है, जिसके तहत एनएसई ने सेबी को 1491.21 करोड़ का भुगतान किया है। सेबी के कंसेंट मैकेनिज्म एक तरह का आउट-ऑफ-कोर्ट सेटलमेंट) के तहत एनएसई के 1491.21 करोड़ रुपए की राशि जमा करने के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने इससे जुड़े सभी लंबित मामलों को समाप्त कर दिया है। इस समझौते के साथ ही पिछले कई सालों से एनएसई पर लटक रही कानूनी तलवार अब पूरी तरह से हट गई है। **समझौते का निवेशकों पर असर :** एनएसई देश का सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज है। इतने सालों से चल रहा कानूनी विवाद अब खत्म होने से निवेशकों और बाजार का भरोसा और मजबूत होगा। एनएसई के आईपीओ का रास्ता साफ होगा। इस मामले के खत्म होने से अब एनएसई के बहुप्रतीक्षित आईपीओ (एनएसई) की राह में आ रही सबसे बड़ी कानूनी अड़चन दूर हो गई है।

क्या है मामला...

कमा लेते थे। दूसरा डार्क-फाइबर मामला इसमें आरोप था कि कुछ चुनिंदा ब्रोकर्स को हाई-स्पीड कनेक्टिविटी (डार्क फाइबर लाइन्स) की ऐसी सुविधा दी गई, जिससे उनके ट्रेड्स दूसरों के मुकाबले काफी तेजी से प्रोसेस होते थे। इन आरोपों के बाद सेबी ने सख्त रुख अपनाया था और मामला कोर्ट तक पहुंच गया था।

पायलट समेत 8 क्रू मेंबर...

दास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंची थी। डीजीसीए के नियमों के मुताबिक, इंटरनेशनल फ्लाइट ऑपरेट करने वाले भारतीय एयरलाइंस के क्रू को भारत में लैंडिंग के दो घंटे के अंदर पोस्ट-फ्लाइट अल्कोहल टेस्ट कराना जरूरी होता है। लेकिन इस फ्लाइट के आठ क्रू मेंबर दो घंटे 35 मिनट बाद टेस्ट के लिए पहुंचे। यानी तय समय से 35 मिनट की देरी हुई।

इंडिया इंडस्ट्रियल...

उन्हें प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनने और यहां उपलब्ध निवेश की व्यापक संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज अपनी पारंपरिक औद्योगिक ताकत के साथ नई अर्थव्यवस्था और उभरते उद्योगों की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। खनिज, ऊर्जा, वन संपदा, पर्याप्त मानव संसाधन और देश के मध्य में अनुकूल भौगोलिक स्थिति हमारी स्वाभाविक ताकत है। राज्य सरकार इन खूबियों को आधुनिक तकनीक, बेहतर अधोसंरचना और निवेशक हितैषी नीतियों से जोड़कर छत्तीसगढ़ को देश के प्रमुख औद्योगिक एवं निवेश गंतव्यों में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की भूमिका केवल उद्योगों के लिए नियामक की नहीं है। हम सरकार को उद्योग और निवेश की राह आसान करने वाले सहयोगी और 'एक्सीलरेटर' के रूप में विकसित कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि निवेश का प्रस्ताव आने से लेकर उद्योग के धरातल पर स्थापित होने तक हर चरण में निवेशकों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध व्यवस्था मिले। मुख्यमंत्री ने लघु उद्योग भारती द्वारा राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण औद्योगिक आयोजन के लिए रायपुर का चयन किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। बड़े उद्योगों के साथ एमएसएमई का विस्तार होने से स्थानीय स्तर पर उद्यमिता बढ़ती है, रोजगार के अवसर पैदा होते हैं और आर्थिक गतिविधियों का लाभ समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु उद्योग भारती देशभर के 750 से अधिक जिलों में उद्यमियों को संगठित कर उद्योग और उद्यमिता को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के 25 जिलों में भी 1200 से अधिक लघु एवं मध्यम उद्योग संगठन से जुड़े हैं। 18 से 20 सितम्बर तक आयोजित इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर में देशभर के 300 से अधिक एमएसएमई उद्यमियों की भागीदारी इस आयोजन के महत्व को दर्शाती है।

नई औद्योगिक नीति...

एवं उभरते सेक्टरों को बढ़ावा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजन को विशेष प्राथमिकता दी गई है। नीति लागू होने के बाद प्रदेश को बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और प्रसन्नता की बात है कि अनेक परियोजनाओं पर धरातल पर काम भी प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब केवल कोयला, स्टील और सीमेंट जैसे पारंपरिक उद्योगों तक सीमित नहीं है। राज्य सरकार प्रदेश के औद्योगिक आधार को विविधता देने के लिए आईटी, सेमीकंडक्टर, फार्मा, टेक्सटाइल, ग्रीन एनर्जी सहित विभिन्न नए और भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े क्षेत्रों को प्रोत्साहित कर रही है। प्रदेश में लगभग 1100 करोड़ रुपए की सेमीकंडक्टर परियोजना पर कार्य प्रारंभ होना इस बदलते औद्योगिक परिदृश्य का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर को आधुनिक टेक्नोलॉजी हब के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। यहां आधुनिक अधोसंरचना के साथ नए उद्योगों और तकनीक आधारित कंपनियों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है। राज्य में टेक्नोलॉजी हब और इंडस्ट्री एक्सीलेंस हब विकसित करने की दिशा में भी सरकार आगे बढ़ रही है।

रांची मंडल में एसएलआर को पट्टे पर देने हेतु ई-नीलामी

अधिसूचना संख्या : सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2026 दिनांक: 16.09.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। कैटलॉग को पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा चुका है। जिसका विवरण निम्नानुसार है: **श्रेणी:** पार्सल। **कैटलॉग संख्या:** आरएनसीपार्सल-17। **परिसंपत्तियों का विवरण:** रांची मंडल से यात्रा शुरू करने वाली 15 अदद पैसेंजर/मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के एसएलआर कम्पार्टमेंट को पट्टे पर देने हेतु 15 अदद परिसम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू:** 01.10.2026 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 01.10.2026 को दोपहर 12.50 बजे। **द्रष्टव्य:** भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण ऊपर उल्लिखित कैटलॉग के अधीन उपलब्ध हैं।

(PR-779) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
सिगनलिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः 15A-एसटी-टेंडर-2026,दिनांक: 08.09.2026. **कार्यः** "एस एंड टी कार्य के अंतर्गतः (1) बिलासपुर मंडल के KGS स्टेशन पर Up ग्रिड में Long-Haul Loop के निर्माण हेतु Up Loop लाइन संख्या–1 के ORL के DE को KTE छोर पर विस्तारित कर Dispatch सुविधा का प्रावधान तथा Banking Engine Siding को BSP छोर पर Up Loop लाइन संख्या–1 से जोड़ने का कार्य। (2) छुलहा स्टेशन पर Long Loop Line (CAL-750 मीटर, DS-PT) का निर्माण तथा Loop Line संख्या–5 के DE को APR छोर पर विस्तारित कर द्वि–दिशात्मक (Bi-directional) तीसरी लाइन का निर्माण।" **निविदा मूल्यः** ₹ 5,29,60,041.29 (₹ पाँच करोड़ उनतीस लाख साठ हजार इकतालीस और उनतीस पैसे मात्र)। **अमानत राशिः** ₹ 10,59,200/- (₹ दस लाख उनसठ हजार दो सौ मात्र)।

निविदा जमा होने की तिथिः 30.09.2026 के 15.00 बजे तक।

उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई–टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी./सीपीआर/10/पीएच/395 (CIC),बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्रमांक- 06
अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड तृतीय तल, रावणभाठा, रायपुर (छ.ग.)
(Email ID - rmczone6@gmail.com)

क्रमांक 42 / जोन क्र. 06/न.पा. नि. / 2026-27 रायपुर, दिनांक 18/09/2026

प्रथम आमंत्रण

// रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु रूचि की अभिव्यक्ति //

एटी पैलेस, कोतवाली चौक स्थित शोरूम में डायमंड ज्वेलरी की नई रेंज में आधुनिक डिजाइन के साथ कलर स्टोन और जेम स्टोन का इस्तेमाल किया गया है। एटी ज्वेलर्स के तिलोकचंद बरडिया ने बताया कि ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए लाइटवेट डायमंड ज्वेलरी पर फोकस किया गया है। गिफ्टिंग के लिए भी डायमंड ज्वेलरी की अलग-अलग डिजाइन उपलब्ध हैं। इसके अलावा लाइटवेट



डायमंड ब्राइडल सेट के साथ हैवी ब्राइडल कलेक्शन भी तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि एटी ज्वेलर्स में ज्वेलरी का निर्माण स्वयं के वर्कशॉप में किया जाता है। इसी वजह से यहां तैयार किए गए डिजाइन एक्सक्लूसिव होते हैं। कलेक्शन में सर्टिफाइड जेम स्टोन के साथ शुद्धता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है। शोरूम में डायमंड के अलावा गोल्ड में एंटीक, जड़ाऊ, नवरत्न और मीनाकारी के आभूषणों की रेंज भी उपलब्ध है। चूड़ी, कंगन और झुमके के साथ सिल्वर में गिफ्टिंग आइटम्स, ज्वेलरी, चांदी के बर्तन और शोपीस भी ग्राहकों के लिए मौजूद हैं।

सोनालीका ने अगस्त में बनाया बिक्री का नया रिकॉर्ड, 12,581 ट्रैक्टर बिके

नई दिल्ली। सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2027 में अपनी मजबूत बिक्री रफ्तार जारी रखते हुए अगस्त में अब तक की सर्वाधिक 12,581 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री दर्ज की है। कंपनी के मुताबिक, यह प्रदर्शन उद्योग की वृद्धि दर से 1.9 गुना अधिक रहा। वहीं, पंजाब के होशियारपुर स्थित कंपनी के ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में अगस्त के दौरान रिकॉर्ड 18,067 ट्रैक्टरों का उत्पादन हुआ। कंपनी का कहना है कि बिक्री और उत्पादन के ये आंकड़े उसकी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता, उत्पादों की मजबूती और



बाजार की मांग के अनुरूप तेजी से काम करने की क्षमता को दर्शाते हैं। सोनालीका की नई गोल्ड सीरीज के ट्रैक्टर किसानों को बेहतर उत्पादकता और सटीकता देने पर केंद्रित हैं। कंपनी के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा कि रिकॉर्ड बिक्री और उत्पादन से आने वाले त्योहारी सीजन में किसानों की बढ़ती मांग पूरी करने का भरोसा मजबूत हुआ है। कंपनी ने त्योहारी सीजन के लिए 'हैवी ड्यूटी दमदार धमाका' ऑफर भी लॉन्च किया है।

42 वर्षों की विरासत का जश्न, रायपुर में सहेली ऑरम का ग्रैंड रोड शो

रायपुर। सहेली ऑरम की 42 वर्षों की विरासत और नई पहचान को लेकर शुक्रवार को शहर में ग्रैंड रोड शो का आयोजन किया गया। आयोजन में विंटेज कारों, 'ब्राइड्स ऑफ इंडिया' थीम पर सहेली ऑरम की चुनिंदा ज्वेलरी कलेक्शन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रोड शो के माध्यम से भारत की



विविध सांस्कृतिक परंपराओं और आभूषणों की विरासत को प्रदर्शित किया गया। अलग-अलग पारंपरिक परिधानों में सजी 'ब्राइड्स ऑफ इंडिया' ने देश की विभिन्न संस्कृतियों की झलक प्रस्तुत की। वहीं विंटेज कारों ने आयोजन को आकर्षक और अलग अंदाज दिया। आयोजकों के अनुसार, सहेली ऑरम ने चार दशकों से अधिक के सफर में ग्राहकों के विश्वास और रिश्तों को अपनी पहचान का आधार बनाया है। अब ब्रांड नई पहचान और नए अनुभवों के साथ आगे बढ़ने की दिशा में काम कर रहा है।

सरकार ने थोक ग्राहकों के लिए चीनी भंडार रखने की सीमा बढ़ाई

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को कहा कि उसने थोक चीनी ग्राहकों के लिए भंडार रखने की सीमा को मौजूदा 15 दिन से बढ़ाकर 30 दिन कर दिया है, क्योंकि त्योहार आ रहे हैं और इस दौरान मांग बढ़ने की संभावना है। अभी, जो थोक ग्राहक कच्चे माल के तौर पर उत्पादन, खपत या किसी और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए महीने में 10 टन से ज्यादा चीनी का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें अपनी जरूरत के हिसाब से 15 दिन तक का भंडार रखने की इजाजत है।

कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Email ID-commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax No. 07722-241599

-:: ई-प्रोक्युरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ::-

Main Portal : http//eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/कार्य.अभि./स्वा.वि./ई निविदा/2026/988 धमतरी, दिनांक 16/09/2026 टेण्डर सिस्टम नम्बर 199498

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा डीएमएफ मद अंतर्गत वर्ष (2026-27) के तहत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत फर्म / ठेकेदार से स्वच्छता संबंधी कार्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वॉल पेंटिंग कार्य की निविदा वर्ष (2026-27) के लिये एकीकृत पंजीयन प्रणाली में प्रति वर्गफीट दर पर कार्य सम्पादन हेतु निविदा प्रपत्र "B" में दिनांक **07/10/2026** तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्यो का पृथक-पृथक निर्धारित अनुमानित लागत, अमानत राशि, निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के स्वास्थ्य शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल Main portal:eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

छठवी मंजिल, टॉवर "सी", कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, सी.बी.डी सेक्टर- 21, नवा रायपुर अटल नगर, (छ.ग.) 492002

website- www.markfed.cg.nic.inEmail.id ; mf_ctrlroom_raipur@gov.in

क्रमांक/विपणन/MT/3027/2025-26 नवा रायपुर, दिनांक 18.09.2026

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में (RFP) for Supply, Installation, Commissioning and Maintenance of Electronic Weighbridges at Selected locations of Chhattisgarh स्थापित हेतु निविदा सूचना

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों में Supply, Installation, Commissioning and Maintenance of Electronic Weighbridges at Selected locations of Chhattisgarh स्थापित करने के लिए जैम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की गई है। उक्त जारी निविदा का बीड क्रमांक GEM/2026/B/8050532 है। निविदा दिनांक 09.10.2026 तक दोपहर 12:00 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है।

सूचना वेबसाईट http://gem.gov.in में जाकर प्राप्त किया जा सकता है। ई – निविदा की कार्यवाही के संबंध में अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जैम पोर्टल के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है। email-Helpdesk-gem@gov.in फोन नंबर 1800 419 3436 एवं 1800 102 3436

::प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित::

S-49103/2 **महाप्रबंधक (विप.)**

कार्यालय जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

Address :- Livelihood college Antagarh, Naya Para Main Road
E-mail : antagarhlivelihood@gmail.com

// रूचि की अभिव्यक्ति //

क्रमांक / 313/ लाई.कॉ.कां./ रूचि.अभि. / 2026-27 कांकेर, दिनांक 07/09/2026

कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी अंतागढ़ जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) में **"विभिन्न सेक्टर / कोर्स"** में कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु इच्छुक सोसायटी / प्रशिक्षण एजेन्सी / शैक्षणिक संस्थान से **रूचि की अभिव्यक्ति** (EoI) आमंत्रित करता है। आवेदन प्रपत्र नियम एवं शर्तों संबंधित प्रारूप कार्यालय लाईवलीहुड कॉलेज अंतागढ़ जिला उत्तर बस्तर कांकेर एवं ऑनलाईन दिनांक 07.09.2026 से 22.09.2026 तक शाम 05 बजे तक कार्यालय में जमा किया जाना है। तथा सेक्टर एवं कोर्स की जानकारी जिले के वेबसाइट www.kanker.gov.in से अवलोकन / डाउनलोड किया जा सकता है।

रूचि की अभिव्यक्ति जारी करने की तिथि	:- 07/09/2026 सायं 05:00 बजे से
आवेदन प्रपत्र एवं नियम शर्तें प्राप्त करने की अंतिम तिथि	:- 21/09/2026 सायं 05:00 बजे तक
प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि	:- 22/09/2026 सायं 05:00 बजे तक
रूचि की अभिव्यक्ति खोलने एवं प्रदर्शन की तिथि	:- 23/09/2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे

प्राचार्य
लाईवलीहुड कॉलेज अंतागढ़
उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

S-49097/1

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ शिवनाथ-भवन, नार्थ ब्लाक सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर

:: सूचना ::

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (कार्यपालिक) अमीन के पदों पर नियुक्ति हेतु द्वितीय चरण में दस्तावेजों का सत्यापन

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी तकनीकी (कार्यपालिक) अमीन के पदों पर भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 16.04.2026 एवं 12.05.2026 को को कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर में किया गया है। द्वितीय चरण में दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 29.09.2026 को सुबह 11.00 बजे से कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर में किया जाना है। दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में विस्तृत वर्गवार विवरण विभागीय वेबसाईट में http://www.cgwrd.in पर देखा जा सकता है।

प्रमुख अभियंता,
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
नवा रायपुर, अटल नगर

G-262703352/1

कार्यालय नगर पालिका परिषद् राजिम, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)

दूरभाष 07701-235036 फैक्स नं. 07701-235036
E-mail- cmorajimnagar1@gmail.com

क्रमांक /523/न.पा./ लो.नि.वि./ 2026-27 राजिम, दिनांक 18/09/2026

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. Date of issue of Tender :- 19-09-2026, 11:00 AM
2. Last Date for Online Submission for Technical & Finacial Bid :- 09-10-2026, 17:00 PM
3. Last Date for Submission of physical bid :- 13-10-2026, 15:00 PM
4. Bid Open Date :- 14-10-2026, 11:00 AM

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	समय सीमा	अमानत राशि, निविदा प्रपत्र शुल्क एवं 100 रू. स्टाम्प पेपर युक्त फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि
1	199696	वार्ड क्र. 03 सांस्कृतिक भवन में टीन शेड निर्माण कार्य।	11.87	8950.00	750.00	06 माह	13.10.2026
2	199699	वार्ड क्र. 13 में गुरूघासीदास मंदिर से गरियाबंद मेन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	10.78	8100.00	750.00	06 माह	13.10.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् राजिम

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कारपोरेशन लिमिटेड, रायपुर

(प्रपत्र-ब) द्वितीय निविदा

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)

Website - www.cgmsc.gov.in

Main portal - cgstate.gov.in

स.क्र.	नि.आ.सू. क्र.	कार्य का नाम	राशि (रू.लाख)
1	11116	जिला – बीजापुर के जिला अस्पताल में SUPPLY, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF FIRE FIGHTING SYSTEM INCLUSIVE CONSTRUCTION WORK OF UNDER GROUND TANK, OVER HEAD TANK & PUMP ROOM WITH SHED का शेष कार्य। **(प्रपत्र-ब)**	57.05
2	11117	जिला – दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल में SUPPLY, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF FIRE FIGHTING SYSTEM INCLUSIVE CONSTRUCTION WORK OF UNDER GROUND TANK, OVER HEAD TANK & PUMP ROOM WITH SHED का शेष कार्य। **(प्रपत्र-ब)**	57.23
3	11118	जिला – कांकेर के जिला अस्पताल में SUPPLY, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF FIRE FIGHTING SYSTEM INCLUSIVE CONSTRUCTION WORK OF UNDER GROUND TANK, OVER HEAD TANK & PUMP ROOM WITH SHED का शेष कार्य। **(प्रपत्र-ब)**	56.56
4	11119	जिला बस्तर के जिला अस्पताल में Supply, Installation, Testing And Commissioning Of Fire Fighting System Inclusive Construction Work Of Under Ground Tank, Over Head Tank & Pump Room With Shed का शेष कार्य। **(प्रपत्र-ब)**	55.53
5	11120	जिला – कवर्धा के जिला अस्पताल में SUPPLY, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF FIRE FIGHTING SYSTEM INCLUSIVE CONSTRUCTION WORK OF UNDER GROUND TANK, OVER HEAD TANK & PUMP ROOM WITH SHED का कार्य। **(प्रपत्र-ब)**	60.77
6	11121	जिला – जांजगीर–चांपा के जिला अस्पताल में SUPPLY, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF FIRE FIGHTING SYSTEM INCLUSIVE CONSTRUCTION WORK OF UNDER GROUND TANK, OVER HEAD TANK & PUMP ROOM WITH SHED का कार्य। **(प्रपत्र-ब)**	60.77
7	11122	जिला गरियाबंद के क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक (CCHB) गरियाबंद में Fire Fighting स्थापना कार्य। **(प्रपत्र-ब)**	62.99
8	11123	जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में फायर फाइटिंग का कार्य। **(प्रपत्र-ब)**	32.83

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 29/09/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 15/10/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S-49107/2 **अधीक्षण अभियंता**





एशियाई खेल महिला क्रिकेट : शेफाली ने 15 गेंदों में बनाए 40 रन

सेमीफाइनल में भारत, महज 5 ओवर में जापान को दी शिकस्त

श्रीचरणी ने 10 रन देकर चटकाए 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| निशिन

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के हरफनमौला प्रदर्शन और स्पिनर श्रीचरणी की शानदार गेंदबाजी के दम पर पिछली चैंपियन भारतीय टीम ने अनुभवहीन जापान को 8 विकेट से हराकर एशियाई खेलों की महिला क्रिकेट स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। श्रीचरणी ने 10 रन देकर 4 विकेट लिए जो टी20 क्रिकेट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। शेफाली वर्मा ने 13 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जापान की टीम 19.5 ओवर में 57 रन पर आउट हो गई। भारत ने यह लक्ष्य पांच ओवर में हासिल कर लिया।

अब भारत का सामना 20 सितंबर को बांग्लादेश से होगा। शेफाली ने 15 गेंद में नाबाद 40 रन बनाए जबकि रिचा घोष ने 6 गेंद में 12 रन का योगदान दिया।

जापानी टीम 57 रन पर आउट

जापान ने सलामी बल्लेबाज जी कमलिनी और तीसरे नंबर पर उतरी भारती फुलमाली को आउट किया। इससे पहले श्रीचरणी की अगुवाई में भारत के अनुभवी स्पिनरों ने जापानी बल्लेबाजों की अनुभवहीनता का पूरा फायदा उठाते हुए उन्हें 57 रन पर आउट कर दिया। पहले गेंदबाजी का फैसला करने वाली भारतीय टीम ने जापान के बल्लेबाजों को हाथ खोलने ही नहीं दिए और पूरी पारी में सिर्फ तीन चौके लगे। जापान के बल्लेबाजों को शीर्ष टीमों से खेलने या नियमित अभ्यास का मौका नहीं मिलता है और उनके लिए टर्न और उछाल लेती पिच पर भारत के गेंदबाजों का सामना कर पाना काफी मुश्किल था।

जापान ने पावरप्ले में बनाए 24 रन

पावरप्ले में 24 रन ही बने, जिसमें दो चौके लगे। श्रीचरणी ने सलामी बल्लेबाज हारुना इवासाकी (10) और कप्तान माइ यानागिडा को लगातार दो गेंदों पर पवेलियन भेजा। शेफाली ने 15वें ओवर में अयाका कातो और 17वें ओवर में शिमाको कातो के विकेट लिए। कुछ बल्लेबाज रन आउट भी हुए, जिससे जापान की मुश्किलें और बढ गई।



सॉफ्ट टेनिस : क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया से हारी भारतीय टीम

नागोया। भारतीय टीम एशियाई खेलों की सॉफ्ट टेनिस स्पर्धा के पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया से 0-2 से हार गई। भारत ने ग्रुप सी में मंगोलिया और लाओ को हराया जबकि चीनी ताइपै से पराजय का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम में जय मीणा, आर्यन ठाकुर, योगेश चौधरी, अनिकेत पाटिल और ओम यादव हैं। दूसरे क्वार्टर फाइनल में वे इंडोनेशिया से हार गए, जिसमें फर्नांडो सांगेर, टियो हुतारूक, मोहम्मद फालेवी, रिजकी लालुयान और बागुस प्राडेवा थे। जय मीणा और योगेश चौधरी को पुरुष युगल मुकाबले में टियो और फर्नांडो ने हराया। आर्यन ठाकुर को पुरुष एकल में बागुस ने मात दी। तीसरा मैच रद्द कर दिया गया।

मनु भाकर और तूर चुने गए ध्वजवाहक

दो ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और शॉटपुट में गत चैंपियन तेजिंदर पाल सिंह तूर को एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए भारत का ध्वजवाहक चुना गया। समारोह शनिवार को होना है। भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने कहा ,' मनु भाकर एक ध्वजवाहक होंगी ' बाद में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पुष्टि की कि तूर दूसरे ध्वजवाहक होंगे। भाकर ने पेरिस ओलंपिक 2024 में दो पदक जीते और वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बन गई थी। तूर ने पिछले दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं।



टेकबॉल : क्विम्सी डिसूजा ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

भारत की क्विम्सी जोआकिम डिसूजा ने एशियाई खेलों की टेकबॉल प्रतियोगिता के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से वह इस खेल में ऐतिहासिक पदक जीतने के करीब पहुंच गई। एशियाई खेलों में पदार्पण करते हुए क्विम्सी ने नागोया सिटी हिगाशी स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए अपने ग्रुप ए के पहले मैच में जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त युइना सकामोटो को 2-1 (10-12 12-11 13-11) से हराकर उलटफेर किया। यह मैच 43 मिनट तक चला। इस युवा भारतीय खिलाड़ी ने ग्रुप के अपने दूसरे मैच में भी लय बरकरार रखते हुए कंबोडिया की कोएमयेन डीवाई को केवल 24 मिनट में 2-0 (12-9 12-7) से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।



कमरों की कमी से भारतीय खिलाड़ी रहे परेशान

एशियाई खेलों में भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने कहा कि उन्हें यहां पहुंचकर ही पता चला कि आयोजकों ने 30 से 35 भारतीय खिलाड़ियों को आवास व्यवस्था की सूची से निकाल दिया है, जिससे भारत को उनके लिए कमरों का इंतजाम करना पड़ा। कई भारतीय खिलाड़ियों को यहां पहुंचने पर रहने की व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा और कमरों के लिए घंटों इंतजार भी करना पड़ा। यादव ने कहा,' आयोजन समिति ने हमें बताया कि भारत से अपेक्षा से अधिक खिलाड़ी आ गए हैं लेकिन ऐसा नहीं है। हमने उतने ही खिलाड़ी भेजे हैं, जितने तय हुए थे। लेकिन उन्होंने कुछ नाम हटा दिया, जिनके लिए हमने होटल बुक किए । 30-35 खिलाड़ियों को लेकर परेशानी हुई है।' उन्होंने कहा,'हमारी टीम ने फुर्ती दिखाते हुए कमरे बुक किए।'

नई बुलंदियों को छूने पर भारत की नजरें



एजेंसी ▶▶| नागोया

खेलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे भारत के लिये यहां शनिवार से शुरू हो रहे 20वें एशियाई खेलों में कामयाबी की एक नई कहानी लिखने की चुनौती होगी और अगले एक दशक में देश को शीर्ष दस देशों में लाने की भारत की आकांक्षा के लिए नींव का पत्थर रखने का दारोमदार खिलाड़ियों पर रहेगा। एशियाई खेलों में 43 खेलों में 11000 के करीब खिलाड़ी भाग लेंगे और 45 देश कम होने के बावजूद यहां प्रतिस्पर्धा का स्तर ओलंपिक से बड़ा होने वाला है। भारत ने 501 खिलाड़ियों का दल भेजा है, जो यहां कदम रखने के बाद से रहने और आवागमन की लचर व्यवस्था से जूझ रहे हैं।

निशानेबाजी दल में अच्छा मिश्रण


निशानेबाजी दल में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है, जिनकी अगुवाई दो ओलंपिक पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर करेंगी। भारतीय दल में 30 निशानेबाज हैं, जिनमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन के धुरंधर शामिल हैं। एथलेटिक्स में दो बार के एशियाई खेल चैंपियन और भारतीय एथलेटिक्स के सबसे बड़े सितारे नीरज चोपड़ा नहीं हैं। चोट के कारण वह इन खेलों में भाग नहीं ले पाएंगे लेकिन भारत के 74 सदस्यीय दल में पदक के कई दावेदार हैं। उद्घाटन समारोह में मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक शॉटपुट खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर की नजरें लगातार तीसरे स्वर्ण पद होंगी।

नवा रायपुर गोल्फ ओपन : समापन में डिप्टी सीएम साव ने प्रतिभागियों को दिया पुरस्कार

खलिन जोशी ने एक शॉट से जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लगातार बारिश के बीच फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट में खेले गए एसईसीएल प्रेजेंट्स नवा रायपुर ओपन 2026 में बेंगलुरु के 34 वर्षीय गोल्फर खलिन जोशी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में जोशी ने 13 अंडर-123 के कुल स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त से जीत दर्ज की। यह इस सीजन में उनका तीसरा और डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई पर कुल नौवां खिताब है। कार्यक्रम के समापन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रतिभागियों को पुरस्कार देते हुए सम्मानित किया। बता दें कि अंतिम राउंड में एक शॉट की बढ़त के साथ उतरे जोशी ने अपने नौ होल के राउंड में तीसरे से पांचवें होल तक लगातार तीन अलग-अलग होल में बढ़जत बनाई। उनके राउंड में 29, 30, 33 और 31 के स्कोर रहे। अप्रैल में आंध्र ओपन और अगस्त में जम्मू-कश्मीर ओपन जीतने के बाद यह उनकी इस सत्र की तीसरी जीत रही।



खास खबर

बारिश ने डाला खलल, फिर भी कायम रखा फोकस

लगातार बारिश के कारण फेयरवे गोल्फ एंड लेक रिजॉर्ट का कोर्स 18 होल के पूरे राउंड के लिए उपयुक्त नहीं था। इसके चलते टूर्नामेंट समिति ने सभी चार राउंड को बैक नाइन पर नौ-नौ होल में कराने का फैसला किया। अंतिम राउंड भी कई घंटों तक बाधित रहा। ऐसे में जोशी को यह भी स्पष्ट नहीं था कि खेल दोबारा शुरू होगा या नहीं। इसके बावजूद उन्होंने अपना धैर्य और संयम बनाए रखा और खेल दोबारा शुरू होने पर शानदार प्रदर्शन किया।

चौहान समेत 3 खिलाड़ी संयुक्त उपविजेता

महू के ओम प्रकाश चौहान ने दिन का संयुक्त सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने पांच अंडर 29 का राउंड खेला, जिसमें पार-5 चौथे होल पर एक ईगल और तीन बर्डी शामिल थीं। चौहान 12 अंडर-124 के स्कोर के साथ संयुक्त उपविजेता रहे। पंचकूला के रौनिल कुकर और अहमदाबाद के अंशुल पटेल भी 12 अंडर-124 के स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। तीनों को 6,99,867 रुपए की पुरस्कार राशि मिली। कोलकाता के दिव्यांशु बजाज, दिल्ली के प्रितिश सिंह करायत और चंडीगढ़ के अंगद चीमा ने 11 अंडर-125 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवां स्थान हासिल किया।

जोशी की कमाई 52.34 लाख रुपए पहुंची

इस जीत के साथ जोशी 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 12वें से सातवें स्थान पर पहुंच गए। उनकी सत्र की कुल कमाई बढ़कर 52,34,225 रुपए हो गई। वर्ष 2018 में पैनासोनिक ओपन इंडिया के रूप में अपना पहला एशियन टूर खिताब जीतने वाले जोशी को नवा रायपुर ओपन की जीत के लिए 15 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली। जोशी ने अपनी लगातार तीसरी जीत का श्रेय आत्मविश्वास और वर्तमान पर ध्यान केंद्रित रखने की रणनीति को दिया। अब वह अपने घरेलू कोर्स कर्नाटक गोल्फ एसोसिएशन में अगला टूर्नामेंट खेलेंगे।

बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 48, सेक्टर-24, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ 492101

ई-नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) व 1 के अधीन अंचल संपत्ति की बिक्री की सूचना

ई-नीलामी तिथि एवं समय : 09.10.2026, प्रातः 11.00 से सायं 5.00 तक

ई-नीलामी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक के अधिकृत अधिकार द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्तियों का कब्जा लिया गया था। अधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, के निम्न शाखाओं के खातों की वसूली के लिये उक्त अधिनियम के नियम 8 एवं 9 अधीन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का सार्वजनिक नीलामी द्वारा जैसा है जहाँ है एवं जिस अवस्था में है के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।

क्रं.	शाखा और उधारकर्ता/जमानतदार के नाम	बंधक संपत्ति का विवरण		आरक्षित मूल्य(लाख में) / ई.एम.डी. (लाख में) / बोली बढ़ोत्तरी (लाख में)	अ) मांग सूचना दिनांक / ब) कब्जा दिनांक / स)बकाया राशि(लाख में)
01	एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता– मैसर्स मां दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट, पार्टनर: – 1. श्रीमती उमा बाई अग्रवाल पति श्री संजय कुमार अग्रवाल, 2. श्री सुभाष अग्रवाल पिता श्री दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, जमानतदार: - 1. श्री संजय कुमार अग्रवाल पिता श्री गोविंद राम अग्रवाल, 2. श्रीमती निशा अग्रवाल पति श्री सुभाष कुमार अग्रवाल, 3. श्री केशिश अग्रवाल पिता श्री संजय कुमार अग्रवाल	i) आवासीय खुली भूमि - खसरा नंबर 109/1/K/3 (खसरा नंबर 109/1/K/1 का भाग), ग्राम- छतौमुरा, प.ह नंबर 06, आरएनएम- छतामुरा, तहसील- पुसौर, ज़िला- रायगढ़ (छ.ग), कुल क्षेत्रफल- 0.044 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्री सुभाष अग्रवाल पिता श्री दुर्गा प्रसाद अग्रवाल। (सांकेतिक कब्जा)	i)	₹ 120.35 ₹ 12.03 ₹ 0.50	अ) 12.02.2025 ब) 16.05.2025 स)₹ 1706.66 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
		ii) आवासीय खुली भूमि - खसरा नंबर 109/1/K/4 (खसरा नंबर 109/1/K/1 का भाग), ग्राम- छतौमुरा, प.ह नंबर 06, आरएनएम- छतामुरा, तहसील- पुसौर, ज़िला- रायगढ़ (छ.ग), कुल क्षेत्रफल- 0.045 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती निशा अग्रवाल पति श्री सुभाष अग्रवाल। (सांकेतिक कब्जा)	ii)	₹ 123.10 ₹ 12.31 ₹ 0.50	
		iii) इंडस्ट्रियल भूमि एवं भवन - खसरा नंबर 272/2k, 274/1, 274/2, 274/3, 279/1/th/1, 279/1/th/2, 279/1/d, 279/1/th/3, 285/5, 290/2, 290/3, 290/4, 304/1, प.ह नंबर 18, मौज़ा- कुरमापाली, आरएनएम- कोटरा, तहसील एवं ज़िला- रायगढ़ (छ.ग), कुल क्षेत्रफल- 0.178 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती निशा अग्रवाल एवं श्रीमती उमा अग्रवाल। (सांकेतिक कब्जा)	iii)	₹ 404.10 ₹ 40.41 ₹ 0.50	
		iv) व्यावसायिक खुली भूमि - खसरा नंबर 279/1/M, 284/2, ग्राम- कुरमापाली, प.ह नंबर 18, आरएनएम- किरोड़ीमल नगर, तहसील एवं ज़िला- रायगढ़, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल- 0.178 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती निशा अग्रवाल पति श्री सुभाष अग्रवाल। (सांकेतिक कब्जा)	iv)	₹ 39.60 ₹ 3.96 ₹ 0.25	
		v) फ्रीहोल्ड व्यावसायिक परिवर्तित खुली भूमि - खसरा नंबर 450/2/Kh, गाँव- कुरमापाली, प.ह नं 18, आरएनएम- किरोड़ीमल नगर, तहसील एवं ज़िला- रायगढ़, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल- 0.077 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती निशा अग्रवाल पति श्री सुभाष अग्रवाल। (सांकेतिक कब्जा)	v)	₹ 17.10 ₹ 1.71 ₹ 0.25	
		vi) फ्रीहोल्ड व्यावसायिक परिवर्तित (गोडाउन) भूमि एवं भवन - खसरा नंबर 275/2, 275/3, 275/4, 279/1/T, 285/1, 290/8, गाँव- कुरमापाली, प.ह नं 18, आरएनएम- किरोड़ीमल नगर, तहसील एवं ज़िला- रायगढ़, छत्तीसगढ, कुल क्षेत्रफल- 0.536 हेक्टेयर (57695.00 वर्गफीट) पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- श्रीमती निशा अग्रवाल पति श्री सुभाष अग्रवाल। (सांकेतिक कब्जा)	vi)	₹ 162.50 ₹ 16.25 ₹ 0.50	
		vii) इंडस्ट्रियल खुला प्लॉट- खसरा नंबर 450/1, गाँव- कुरमापाली, प.ह नं 18, आरएनएम- किरोड़ीमल नगर, तहसील एवं ज़िला- रायगढ़, छत्तीसगढ, कुल क्षेत्रफल- 0.085 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- मेसर्स मां दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट्स। (सांकेतिक कब्जा)	vii)	₹ 18.90 ₹ 1.89 ₹ 0.25	
		viii) फ्रीहोल्ड इंडस्ट्रियल परिवर्तित प्लॉट (वेयर हाउस)- खसरा नंबर 291/1/Kh, 290/6/k, 290/7, 290/6/Kh, कुल खसरा - 4, गाँव- कुरमापाली, प.ह नं 18, आरएनएम- किरोड़ीमल नगर, तहसील एवं ज़िला- रायगढ़, छत्तीसगढ, कुल क्षेत्रफल- 0.437 हेक्टेयर (47037.00 वर्गफीट) पर स्थित संपत्ति, मालिकाना हक- मेसर्स मां दुर्गा फूड्स प्रोडक्ट्स। (सांकेतिक कब्जा)	viii)	₹ 227.46 ₹ 22.74 ₹ 0.50	
		ix) प्लांट और मशीनरी- खसरा नंबर 272/2k, 274/1, 274/2, 274/3, 279/1/th/1, 279/1/th/2, 279/1/d, 279/1/th/3, 285/5, 290/2, 290/3, 290/4, 304/1, प.ह नंबर 18, मौज़ा- कुरमापाली, आरएनएम- कोटरा, तहसील एवं ज़िला- रायगढ़ (छ.ग), मालिकाना हक - श्री सुभाष अग्रवाल एवं श्रीमती उमा अग्रवाल। (सांकेतिक कब्जा)	ix)	₹ 197.64 ₹ 19.76 ₹ 0.50	
02	सुपेला शाखा:- उधारकर्ता- मेसर्स शब्बीर एग सेंटर, प्रोप.- श्री शब्बीर अहमद कुरैशी	भूमि- सामयिक बंधक परिवर्तित भूमि स्थित खसरा नं 346/2 (न्यूटेशन के बाद नया खसरा नं 346/15), प.ह नं 14/19, वार्ड नंबर 16, प्लॉट नंबर 1 एवं 2, कैलाश नगर, कुरुद, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग), क्षेत्रफल- 1729.30 वर्गफुट, जिसमें 1400.00 वर्गफुट भूमि श्री शब्बीर अहमद कुरेशी पिता श्री खलील अहमद कुरेशी के नाम पर डायवर्ट की गई है। सीमाएँ:- उत्तर- सड़क, दक्षिण-चितकू की भूमि, पूर्व-राजीव जैन की भूमि, पश्चिम-यादव का प्लॉट। (सांकेतिक कब्ज़ा)		₹ 11.25 ₹ 1.12 ₹ 0.25	अ) 18.12.2024 ब) 20.03.2025 स) ₹ 25.97 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
03	खनिज भवन शाखा:- उधारकर्ता- श्री जलंधर नाग	परिवर्तित भूमि एवं भवन - खसरा नंबर 1151/2, 1156/5 (भाग), मौजा-पचेडा, प.ह नंबर 81/2, आरएनएम-मंदिर हसौद, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग) में क्षेत्रफल- 1055 वर्गफुट पर स्थित सामयिक बंधक संपत्ति । सीमाएँ:- उत्तर : सड़क,दक्षिण : प्राइड सिटी की भूमि, पूर्व : विक्रेता की भूमि, पश्चिम : प्राइड सिटी की भूमि। (सांकेतिक कब्जा)		₹ 6.25 ₹ 0.62 ₹ 0.25	अ) 01.02.2019 ब) 06.06.2019 स) ₹ 14.76 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
04	एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता- मेसर्स महामाया केमिकल्स, प्रोप. - श्रीमती ज्योति मिश्रा पति श्री फणीन्द्र मिश्रा एवं जमानतदार - श्री फणीन्द्र मिश्रा पिता श्री एम.सी. मिश्रा	(अ) व्यावसायिक दुकान - सामयिक बंधक अचल संपत्ति स्थित दुकान नं 151, भूतल, एस्के प्लाजा, नजूल भूमि खसरा नं. 2/14, 44/2, 2/76 एवं 2/77 (भाग), ब्लॉक नंबर 95, 96, आनंद टॉकीज के पास, हवलदार अब्दुल हामिद वार्ड नंबर 36, मौदहापारा, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग), क्षेत्रफल- 205 वर्गफुट, मालिकाना हक- श्री फणीन्द्र मिश्रा (जमानतदार) सीमाएँ :-उत्तर-मीटर कक्ष, दक्षिण-सामान्य मार्ग, पूर्व - कार्यालय नं 152,पश्चिम - कार्यालय नं 150. (सांकेतिक कब्जा)	अ	₹ 32.15 ₹ 3.21 ₹ 0.25	अ) 21.03.2024 ब) 01.06.2024 स) ₹ 74.97 + ब्याज एवं अन्य खर्चे
		(ब) व्यावसायिक दुकान - सामयिक अचल संपत्ति स्थित दुकान नंबर 152-ए, भूतल, एस्के प्लाजा, नजूल भूमि खसरा नं. 2/14, 44/2, 2/76 व 2/77 (भाग), ब्लॉक नं. 95, 96, आनंद टॉकीज के पास, हवलदार अब्दुल हामिद वार्ड नंबर 36, मौदहापारा, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग), क्षेत्रफल-115.03 वर्ग फुट, मालिकाना हक- श्रीमती ज्योति मिश्रा (प्रोप.)। सीमाएँ:- उत्तर- दुकान नं. 157-सी, दक्षिण - दुकान नं. 152, पूर्व - सामान्य मार्ग, पश्चिम - दुकान नं.151. (सांकेतिक कब्जा)	ब	₹ 18.50 ₹ 1.85 ₹ 0.25	
05	एआरबी (रायपुर) शाखा:- उधारकर्ता - मेसर्स युग सुपर बाजार, प्रोप.-श्री देवकरण मरकाम	व्यावसायिक संपत्ति:- सामयिक बंधक फ्रीहोल्ड व्यावसायिक भूमि एवं भवन स्थित पुराना खसरा नं 983/1 का भाग, नया खसरा नं 983/9, प.ह नं. 52/18, आरएनएम गरियाबंद, डाकबंगला, वार्ड नं 08, गरियाबंद, तहसील एवं जिला-गरियाबंद (छ.ग), क्षेत्रफल- 3500 वर्गफीट, मालिकाना हक- श्री देवकरण मरकाम पिता श्री गीताराम. सीमाएं:- उत्तर-जीतनारायण पाटक का खुला प्लॉट, दक्षिण-डब्ल्यूबीएम रोड, पूर्व: देवकिरण का मकान, पश्चिम: अन्य का खुला प्लॉट। (सांकेतिक कब्ज़ा)		₹ 50.08 ₹ 5.00 ₹ 0.25	अ) 24.04.2024 ब) 09.07.2024 स) ₹ 54.41 + ब्याज एवं अन्य खर्चे

ई- ऑक्शन की तारीख और समय–दिनांक : 09.10.2026, सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे, सीमा रहित 10 मिनट के अंतराल के एक्सटेंशन के साथ, प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय – 18.09.2026 से 08.10.2026 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में।

नोट:–कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन को स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती।

उधारकर्ताओं/बंधक–कर्ताओं को 15 दिन का बकाया सूचना

उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एव खर्चो के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - एआरबी (रायपुर) शाखा: सूरज कुमार - 7717741309, पचपेड़ी नाका शाखा- सौम्य कांता द्विवेडी, 9692902084, सुपेला भिलाई शाखा: उपेन्द्र कुमार वर्मा -8305083048, खनिज भवन शाखा-आशीष मोनकी लकड़ा- 9827946728, ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए जोनल अधिकारी – श्री विजय टेटे, मो. 6261522560.

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें: 1. नीलामी बिक्री / बोली, वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। **2. बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर "Guidelines" देख सकते हैं। 3.** बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक / सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्य दिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत / सफल बोलीकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं **baanknet** के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। **8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बतोये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने / टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।** 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से सबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगी। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा।

किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई–नीलामी जो कि दिनांक 19.09.2026, द हितवादा का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा।

दिनांक : 19.09.2026, स्थान : रायपुर — **अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया**

अगरकर पर फैसला लेने पदाधिकारी 'अधिकृत'



मुंबई। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में सदस्य इकाइयों ने चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर के कार्यकाल को विस्तार देने या उनके स्थान पर नया अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला बोर्ड के पदाधिकारियों पर छोड़ दिया। मौजूदा चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर का कार्यकाल 4 अक्टूबर को समाप्त होने वाला है। ऐसे में बीसीसीआई उनके स्थान पर नए अध्यक्ष की तलाश कर सकता है। बैठक के बाद बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, चयन समितियों से जुड़े मामलों पर फैसला लेने के लिए पदाधिकारियों को अधिकृत किया गया है।

द्रविड़ ने 211 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से ठोके रन

एजेंसी ▶▶| राजकोट

इंडिया अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को 7 रनों से हराया

अन्वय द्रविड़ और आर्यवीर सहवाग की तूफानी पारियों तथा यशवर्धन चौहान के शानदार अर्धशतक की मदद से भारत की अंडर-19 टीम ने बारिश से प्रभावित युवा वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 पर 7 रन से रोमांचक जीत हासिल की।

बारिश के कारण यह मैच 20-20 ओवर का कर दिया गया। चौहान ने 34 गेंदों में 54 रन जबकि पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय ने मात्र 18 गेंदों में 38 रन बनाए। इससे भारत 6 विकेट पर 182 रन बनाने में सफल रहा। इस मैच में वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर ने अंडर-19 में पदार्पण भी किया। उन्होंने 26 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 28 रन बनाए, जबकि उनके पिता उन्हें खेलते हुए देख रहे थे।

ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की टीम 7 विकेट पर 175 रन ही बना पाई।



संकटमोचन बने अन्वय

बारिश से प्रभावित इस 20-20 ओवर के मुकाबले में जब भारतीय अंडर-19 टीम ने 88 रन पर अपने 4 अहम विकेट गंवा दिए थे, तब अन्वय द्रविड़ ने क्रीज पर कदम रखा। उन्होंने दबाव में बिखरने के बजाय ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों पर काउंटर अटैक किया। अन्वय ने साथी बल्लेबाज यशवर्धन चौहान के साथ मिलकर महज 34 गेंदों में 69 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी की। इस तूफानी साझेदारी के दम पर भारत की अंडर-19 टीम बारिश से बाधित इस पहले अनऑफिशियल वनडे मुकाबले में 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 182/6 का मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रही। राजकोट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई इस 38 रनों की आक्रामक पारी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे कठिन परिस्थितियों में मैच का रुख पलटने में माहिर हैं। अन्वय को खुद राहुल द्रविड़ ने तैयार किया है। यही कारण है कि आज वह भारत के लिए इतनी शानदार पारियां खेल पा रहे हैं।

शतरंज ओलंपियाड: सरीन गुकेश ने इटली को दी मात

महिला टीम ने यूनान को हराया

एजेंसी ▶▶| समरकंद

निहाल सरीन के शानदार प्रदर्शन और मौज



जानिए पाताल भुवनेश्वर गुफा का अलौकिक रहस्य

यहां आज भी सुरक्षित है गणेश जी का असली मानव मस्तक

नई दिल्ली। हिंदू धर्म में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और प्रथम पूज्य माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार माता पार्वती के आदेश पर जब बालक गणेश ने भगवान शिव को द्वार पर रोका, तो महादेव ने क्रोध में आकर अपने त्रिशूल से उनका मस्तक धड़ से अलग कर दिया था। इसके बाद गणेश जी के धड़ पर गज यानी हाथी का सिर लगाकर उन्हें नया जीवन दिया गया। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि बप्पा का असली मानव मस्तक कटने के बाद कहां गिरा था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान गणेश का वो मूल सिर आज भी धरती पर एक गुफा में सुरक्षित मौजूद है।

पाताल भुवनेश्वर गुफा : उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में गंगोलीहाट के पास एक बेहद रहस्यमयी गुफा स्थित है। इस गुफा को पाताल भुवनेश्वर के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव द्वारा काटा गया गणेश जी का असली मानव सिर इसी गुफा में गिरा था। गुफा के अंदर गणेश जी के कटे हुए मस्तक को एक पवित्र शिला के रूप में पूजा जाता है।



मस्तक पर लगातार गिरती हैं जल की बूंदें

पाताल भुवनेश्वर गुफा के भीतर स्थित आदि गणेश की शिला के ठीक ऊपर एक अद्भुत प्राकृतिक दृश्य देखने को मिलता है। इस शिला के ठीक ऊपर 108 पंखुड़ियों वाला एक दिव्य ब्रह्मकमल बना हुआ है। इस ब्रह्मकमल से लगातार जल की बूंदें टपकती रहती हैं और सीधे गणेश जी के मस्तक रूपी शिला पर गिरती है। मान्यता है कि इस जल से भगवान गणेश का निरंतर प्राकृतिक अभिषेक होता रहता है।

श्रद्धालुओं के लिए परम पावन धाम : पाताल भुवनेश्वर गुफा अपनी अनूठी प्राकृतिक आकृतियों और गुफा तंत्र के लिए पूरी दुनिया में जानी जाती है। गुफा के अंदर बनी शिलाओं को विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूप के रूप में पूजा जाता है।

स्वयं महादेव करते हैं रक्षा

इस रहस्यमयी गुफा के बारे में एक और गहरी मान्यता प्रचलित है। कहा जाता है कि भगवान शिव स्वयं इस गुफा में विराजमान रहकर गणेश जी के कटे हुए सिर की रक्षा करते हैं। इसी कारण पाताल भुवनेश्वर को भगवान शिव और गणेश जी का एक साझा और अत्यंत पवित्र धाम माना जाता है। यहां की हर एक शिला और गुफा का कोना-कोना भोलेनाथ की विशेष ऊर्जा और भक्ति से भरा हुआ प्रतीत होता है।

आदि शंकराचार्य ने की थी खोज

पौराणिक कथाओं के अनुसार कलयुग में इस पवित्र गुफा की खोज महान संत आदि शंकराचार्य ने की थी। जब वे उत्तराखंड की यात्रा पर थे, तब उन्हें इस गुफा के भीतर छुपे धार्मिक रहस्यों का ज्ञान हुआ। उन्होंने ही इस गुफा के अंदर मौजूद शिलाओं को पहचाना और यहां पूजा-अर्चना की परंपरा दोबारा शुरू करवाई। तब से लेकर आज तक यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है।

रोबोटिक सर्जरी से चुटकियों में बदलेगा घुटना

नई दिल्ली। कहते हैं कि मेडिकल साइंस नामुमकिन को भी मुमकिन बना सकती है। कुछ ऐसा ही हुआ है राजधानी दिल्ली में, जहां डॉक्टरों एक एक्टिव रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम को नॉन-मेटैलिक, सिरेमिक घुटने के इम्प्लांट के साथ जोड़ा है। उनका कहना है कि यह डेवलपमेंट घुटने के रिप्लेसमेंट सर्जरी में एक नई क्रांति है। यह अपनी तरह का पहला ऐसा मामला है। बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि इस प्रक्रिया में एक्टिव रोबोटिक से हेल्प ली गई।

पारंपरिक घुटने के रिप्लेसमेंट में ज्यादातर मेटल के हिस्सों का इस्तेमाल होता है। जबकि इस प्रक्रिया में सिरेमिक/नॉन-मेटैलिक इम्प्लांट का इस्तेमाल किया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि यह मटेरियल पारंपरिक इम्प्लांट से कैसे अलग है और इसके इस्तेमाल से क्या फायदे और सीमाएं हो सकती हैं।







अनोखा गांव, जहां आज भी सतयुग जैसा जीवन जी रहे लोग!

अमरावती। आज के जमाने में कोई ऐसी जगह की कल्पना भी नहीं कर सकता जहां स्मार्टफोन, इंटरनेट और बिजली के बिना रोजमर्रा की जिंदगी चलती हो। मगर जानकर हैरान होंगे कि आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में स्थित कुर्मांग्राम वैदिक विलेज ने आधुनिक सुविधाओं से अलग जीवनशैली अपनाई है। यहां रहने वाले लोग सरल, प्राकृतिक और आध्यात्मिक जीवन को महत्व देते हैं। यहां लोग ऐसे रहते हैं जैसे सतयुग का कोई गांव हो। कुर्मांग्राम की दिनचर्या का केंद्र आध्यात्मिक गतिविधियां हैं। समुदाय की प्रकाशित जानकारी के मुताबिक, दिन की शुरुआत सुबह करीब 4:30 बजे मंगल आरती और जप से होती है। इसके बाद पूजा, सेवा, खेती और दूसरे दैनिक काम किए जाते हैं।



लाइट नहीं, तेल के दीये

कुर्मांग्राम की सबसे खास बात यहां बिजली का इस्तेमाल न करना है। समुदाय की अपनी जानकारी के अनुसार, अंधेरा होने पर रोशनी के लिए इलेक्ट्रिक बल्ब की जगह तेल के दीयों का इस्तेमाल किया जाता है। घर भी पारंपरिक और पर्यावरण-अनुकूल सामग्री से बनाए जाते हैं, जिनमें मिट्टी, पत्थर, लकड़ी और चूने जैसी चीजों का उपयोग होता है। खाना पकाने के लिए भी गैस सिलेंडर या गैस चूल्हे की जगह लकड़ी और गोबर के उपलों का इस्तेमाल किया जाता है।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com